दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अंतरिक्ष में नई ऊंचाई......

डिजिटल गेम्स वर्तमान है ......

वर्ष : 11 | अंक : 341 | लखनऊ, 01 दिसम्बर, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

### शादी में फायरिंग, दूल्हे की मौसी, दोस्त की मौत



**लुधियाना।** यहां शादी समारोह के दौरान गोलियां चलने के दौरान 2 लोगों की मौत हो गई। पक्खोवाल रोड स्थित बाथ कैस्टल पैलेस में शनिवार रात को शादी में उस समय भगदड़ मच गई। वहां 2 गैंगस्टर गुटों में रंजिशन ताबड़तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गई। दोनों तरफ से 50 के करीब राउंड फायर किए गए। दूल्हे की मौसी और दोस्त की मौत हो गई। एक घायल हो गया।

### चमोली में भूकंप के झटकों से दहशत



**चमोली।** उत्तराखंड में रविवार को एक बार फिर धरली डोली। चमोली के नारायणबगड़ में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों भूकंप के झटके 10 बजकर 27मिनट पर, कर्णप्रयाग, नारायणबगड़, थराली और देवाल में महसूस हुए। भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। इस भूकंप में किसी तरह की नुकसान की सूचना नहीं है।

### सीनियर कन्नड़ एक्टर उमेश का निधन



**चेन्नई।** कन्नड़ सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन एमएस उमेश का 80 साल की उम्र में निधन हो गया है। वे लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उनका निधन रविवार को बेंगलुरु के एक अस्पताल में हुआ था। बताया जा रहा है कि उमेश ने 350 से अधिक फिल्मों में काम किया था और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई थी।

### 5 चोर पकड़े, 5 बाइक और स्कूटी बरामद



**पंचकूला।** अपराध पर शिकंजा कसने के लिए पंचकूला पुलिस ने रविवार सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शहर में सर्च अ भि या न चलाया। बिना किसी पूर्व सूचना के पुलिस की सभी 5 क्राइम यूनिट्स ने एक साथ अचानक दबिश देकर अपराधियों पर शिकंजा कसने का काम किया। चोरी की पांच बाइक और एक स्कूटी बरामद की। पांच चोरों को भी काबू किया है।

---

#### प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में कई विषयों पर की चर्चा

# उत्तराखंड में विंटर टूरिज्म तेजी से बन रहा पसंदीदा विकल्प, पर्यटक हो रहे आकर्षित

### कार्यक्रम के 128वें एपिसोड में लोगों से लेकर सेना- नौसेना का भी किया जिक्र

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात के 128वें एपिसोड में उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान औली, मुनस्यारी, चोपटा और डेयारा जैसी जगहें तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं और देशभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। दुनिया के कई देशों ने विंटर टूरिज्म को अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बना लिया है, जहां स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग, आइस क्लाइंबिंग, स्नो ट्रेकिंग और फैमिली स्नो पार्क विशेष आकर्षण होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में भी विंटर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने बताया कि ऊंचे पर्वत, प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक विरासत और एडवेंचर गतिविधियां भारत को इस क्षेत्र में बड़ी पहचान दिला सकती हैं। उन्होंने विशेष उदाहरण देते हुए कहा कि पिथौरागढ़ जिले में 14 हजार फीट से ज्यादा ऊंचाई पर पहली बार हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित की गई, जिसमें 18 राज्यों के 750 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी — फाइल फोटो

लोकप्रिय जगहों का भी किया बखान

#### देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले हफ्तों में उत्तराखंड में विंटर गेम्स का आयोजन होने वाला है, जिसके लिए देशभर के खिलाड़ी और एडवेंचर प्रेमी उत्साहित हैं। स्कीइंग, स्नो-बोर्डिंग और बर्फ से जुड़े अन्य खेलों की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार विंटर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और होमस्टे नीति को मजबूत कर रही है।

#### 'वोकल फॉर लोकल' को देशवासियों ने अपनाया

पीएम मोदी ने वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करने की देशवासियों से अपील की और बताया कि हाल ही में जी20 सम्मेलन में उन्होंने दुनियाभर के नेताओं को जो उपहार दिए, वे भारतीय कारीगरों ने तैयार किए थे। पीएम मोदी ने कहा कि 'मुझे खुशी है कि वोकल फॉर लोकल की भावना को देशवासियों ने अपना लिया है।

#### आदि कैलाश परिक्रमा में लोगों का बढ़ा उत्साह

प्रधानमंत्री ने 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश परिक्रमा रन का भी जिक्र किया, जो कड़कड़ाती ठंड में सुबह 5 बजे शुरू हुई। उन्होंने कहा कि इतनी ठंड के बावजूद लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। उन्होंने कहा कि आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों की संख्या पहले 2हजार थी, जो अब बढ़कर 30 हजार से अधिक हो गई है।

#### सहनशक्ति की परीक्षा वाले खेलों में तेजी

प्रधानमंत्री ने देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स यानी सहनशक्ति की परीक्षा लेने वाले खेलों की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता पर बात की। उन्होंने कहा देश में एंड्युरेंस स्पोर्ट्स की संस्कृति तेजी से उभर रही है। इससे मतलब ऐसी गतिविधियों से है, जिनमें इंसानी क्षमता की परख होती है। देशभर में हर महीने 1500 से ज्यादा एंड्युरेंस स्पोर्ट्स का आयोजन होता है।

#### 'वेड इन इंडिया' अभियान को मिला बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने सर्दियों में बढ़ती डेस्टिनेशन वेडिंग्स की लोकप्रियता पर भी बात की। उन्होंने कहा कि 'वेड इन इंडिया' अभियान के साथ पहाड़ों पर होने वाली शादियों में तेजी आई है। गंगा किनारे होने वाली शादियां भी लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

#### नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम हो रहा

पीएम मोदी ने कहा कि 2 दिसंबर से काशी के नमो घाट पर काशी-तमिल संगमम के चौथे संस्करण की शुरुआत हो रही है। यह उन सभी लोगों के एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है, जिन्हें तमिल भाषा से प्यार है। काशीवासीउत्साह से भाई-बहनों का स्वागत करने कोॉ उत्सुक हैं।

#### 'माहे' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया

मुंबई में आईएनएस 'माहे' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। कुछ लोगों के बीच इसके स्वदेशी डिजाइन को लेकर खूब चर्चा रही। वहीं, पुडुचेरी और मालाबार तटीय इलाकों के लोग इसके नाम से ही खुश हो गए। 4 को हम नौसेना दिवस मनाने जा रहे हैं।

---

#### बीएलओ को बढ़ा मानदेय नहीं दिया

## चुनाव आयोग ने बंगाल सरकार को दिया भुगतान करने का आदेश



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

चुनाव आयोग ने बीते दिनों बीएलओ के मानदेय को बढ़ाने का आदेश जारी किया था। ईसी के आदेश के बावजूद बंगाल की टीएमसी सरकार ने बीएलओ और निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारियों को बढ़े हुए मानदेय का भुगतान नहीं किया। इसे लेकर अब चुनाव आयोग ने आपत्ति जताई है। ईसी नेअगस्त में एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसमें लिखा 'शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र के आधार हैं। मतदाता सूची तैयार करने वाली मशीनरी में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ शामिल होते हैं। ईसी ने बीएलओ और अन्य अधिकारियों का सालाना मानदेय बढ़ाने का फैसला किया है।

#### कर्मियों को जल्द भुगतान किया जाए

2015 से बीएलओ को सालाना मानदेय 6 हजार था, जिसे बढ़ाकर 12 हजार कर दिया गया है। वहीं मतदाता सूची के लिए पहले बीएलओ को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी, जिसे अब बढ़ाकर 2 हजार कर दिया गया है। बीएलओ सुपरवाइजर को पहले 12 हजार का मानदेय मिलता था, जो अब बढ़ाकर 18 हजार कर दिया गया है। वहीं इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 30 हजार और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारी को 25 हजार का सालाना मानदेय मिलेगा। पहले इन अधिकारियों को कोई मानदेय नहीं मिलता था। ईसी ने कहा है कि हमने टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल से कहा कि बीएलओ के बढ़ाए गए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है।

#### लखनऊ में पकड़ी गई बांग्लादेशी महिला

## निर्मला नाम से फर्जी आधार बनवाया और यहां शादी भी कर ली

**लखनऊ।** लखनऊ की एटीएस ने नरगिस अख्तर उर्फ निर्मला देवी उर्फ जैस्मिन को ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया है। अख्तर का निर्मला देवी के नाम से भारतीय दस्तावेज बनवाने वाला उसका पति हरिओम आनंद भी गिरफ्त में है। अख्तर जलीकोठी की रहने वाली है। वह 2010 में टूरिस्ट वीजा पर भारत आई थी। उसने पहला फर्जी आधार कार्ड पश्चिम बंगाल में जेसिका विश्वास के नाम बनवाया था। 2022 में हरिओम ने लखनऊ से निर्मला के नाम से फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाए। इसी साल दोनों ने शादी की थी।

---

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा

# लोकतांत्रिक ढांचे को सरल और प्रभावी तरीके से समझाया, इसे 'चारपाई' के समान बताया

### इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन पर कहा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन इंडिपेंडेंस ऑफ ज्यूडिशियरी के उद्घाटन समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जस्टिस सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की तुलना एक चारपाई से करते हुए कहा कि हमारा लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत लकड़ी के फ्रेम और टिकाऊ रस्सियों की तरह है जो एक तरफ स्थिर है, तो दूसरी तरफ परिस्थितियों के अनुसार लचीला भी।

हरियाणा में एपी जैन ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजन



संबोधन के दौरान सीजेआई सूर्यकांत

#### केशवानंद के फैसले पर भी की बात

केशवानंद के फैसले पर बात करते हुए सीजेआई ने कहा कि जब यह ऐतिहासिक सुनवाई चल रही थी, उस समय भारत संवैधानिक जीवन के 23वें वर्ष में था। देश आदर्शवाद तथा शक्तियों के बीच संतुलन स्थापित करने की प्रक्रिया सीख रहा था।

#### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज भी रहे शामिल

इस सम्मेलन में एक विशेष सत्र भी रखा गया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के 13 जजों ने मंच पर मौजूद रहते हुए केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस को दोबारा रीक्रिएट किया। इस रिक्रिएशन में कई वरिष्ठ वकीलों ने भी हिस्सा लिया। अटॉर्नी जनरल की भूमिका वेंकटेश मणि ने निभाई, जबकि वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने भारत सरकार और केरल सरकार का पक्ष प्रस्तुत किया।

---

#### तेलंगाना हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद पर यह फैसला दिया

## इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं, 34 साल पुरानी शादी तोड़ने से किया साफ इनकार

### पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ दायर की थी अपील

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक अनोखे और लंबे समय से चले आ रहे वैवाहिक विवाद पर ऐसा फैसला दिया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। अदालत ने साफ कहा कि इस उम्र में तलाक लेकर कोई फायदा नहीं। और यही बात अदालत के फैसले का आधार भी बनी। 34 साल पुरानी शादी को टूटने से रोकते हुए कोर्ट ने माना कि अब रिश्ते को कानूनी रूप से खत्म करना व्यावहारिक समाधान नहीं है।

#### 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई



इस केस में खास बात यह थी कि पति और पत्नी दोनों ने एक-दूसरे के खिलाफ अपील दायर की थी। 17 साल तक चली कानूनी लड़ाई, कई सुनवाई, पति की गुमशुदा स्थिति और बच्चों के वयस्क हो जाने के बाद अदालत ने महसूस किया कि तलाक का कोई ठोस उद्देश्य अब बचा ही नहीं है। इसलिए कोर्ट ने तलाक ही नहीं बल्कि पहले दिए गए ज्यूडिशियल सेपरेशन के आदेश को भी रद्द कर दिया। यह मामला 2008 में शुरू हुआ था, जब पति ने 1991 में हुई अपनी शादी को खत्म करने के लिए याचिका दायर की। पति पेशे से सिविल इंजीनियर ह। उनका आरोप था कि पत्नी लगातार उन पर बेवजह शक करती थी।

---

#### नई दिल्ली में आज से सरस आजीविका फूड फेस्टिवल का आगाज

# 25 राज्यों के 500 से अधिक व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

### केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज करेंगे उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आगामी सोमवार से नई दिल्ली स्थित सुंदर नर्सरी में आयोजित सरस आजीविका फूड फेस्टिवल 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान भी मौजूद रहेंगे। यह फेस्टिवल भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता को एक ही स्थान पर प्रदर्शित करेगा।

**62** स्टॉल लगाए गए

**300** से ज्यादा लखपति दीदीयां

11.30 से रात 9.30 बजे तक चलेगा




फूड फेस्टिव का नजारा

#### विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक

सरस फूड फेस्टिवल में 62 स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें 25 राज्यों की 300 से ज्यादा लखपति दीदियां और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भाग ले रही हैं। यह फेस्टिवल 9 दिसंबर तक चलेगा और सुबह 11.30 बजे से रात 9.30 बजे तक सभी दर्शकों के लिए खुला रहेगा।

भारतीय संस्कृति और भोजन की विविधता

#### महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर

यह फेस्टिवल महिला सशक्तिकरण की एक मजबूत मिसाल है। स्वसहायता समूहों की महिलाएं न केवल ग्रामीण उत्पाद बनाने में माहिर हैं इसका उद्देश्य महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देना है।

#### इसमें कई राज्यों की दिखेगी विशेषता

इसमें हिमाचली सीडडू, उत्तराखंड की तंदूर चाय, जम्मू-कश्मीर का मशहूर कलारी कुल्चा, हैदराबादी दम बिरयानी, नॉर्थ-ईस्टर्न मोमो, बंगाली फ्राइड फिश, राजस्थान की कैर सागरी, गट्टे की सब्जी, बाजरे की रोटी, बंगाल की हिलसा फिश करी, तेलंगाना का चिकन, केरल की मालाबार बिरयानी, बिहार का लिट्टी-चोखा और पंजाब का सरसों का साग-मक्के की रोटी दिखेगी।

---

#### मुरादाबाद में बस ने ऑटो को रौंदा

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रोडवेज बस ने एक ऑटो को रौंद दिया। खौफनाक हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं करीब 6 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक माटी ऊर्फ संजू परिवार के साथ एक शादी समारोह में जा रहा था। हादसा दिल्ली-लखनऊ हाईवे से कुछ दूर जीरो प्वाइंट के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और एंबुलेंस पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भेजवाया गया है। बताया जा रहा है, टक्कर इतनी भयानक थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य बुरी तरह घायल हो गए। सड़क के आस-पास मौजूद लोग बचाव के लिए दौड़े। वहीं पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों अस्पताल भेजा गया। कुछ घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

# चार दर्जनों से अधिक लोगों ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने का किया विरोध

## मोहल्लेवासियों ने इंस्पेक्टर को बताया कि महिला द्वारा जानबूझकर मोहल्ले के निर्दोष लोगों पर झूठा आरोप लगाया


**अमन लेखनी समाचार**




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले एक महिला द्वारा मोहल्ले के करीब दर्जन भर लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई चोरी की रिपोर्ट को लेकर मोहल्ले के लोगों में भारी आक्रोश है। इसको लेकर शांति नगर विकास समिति के अध्यक्ष उदयवीर सिंह और शांति नगर जनहित व्यापार मंडल अध्यक्ष रितेश सिंह के नेतृत्व में चार दर्जन से अधिक मोहल्लेवासियों ने रविवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए विरोध जताया। बताते चलें कि शांति नगर निवासी किरन त्रिपाठी ने 27 नवंबर को आरोप लगाया था कि उनके बंद मकान से करीब 12 लाख रुपये का सामान चोरी हो गया है। इस मामले में उन्होंने मोहल्ले के मनोज व उसके रिश्तेदारों सहित कुल 11 लोगों को नामजद करते हुए सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने की जानकारी मिलते ही मोहल्ले में नाराजगी फैल गई और लगभग 50-60 लोग रविवार को थाने पहुंचकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करने लगे। मोहल्लेवासियों ने इंस्पेक्टर को बताया कि महिला द्वारा जानबूझकर मोहल्ले के निर्दोष लोगों पर झूठा आरोप लगाया गया है। उनका कहना था कि आरोप लगाने वाली महिला का पति दिलीप त्रिपाठी पुलिस विभाग में तैनात है और इसी का फायदा उठाते हुए वह लोगों को परेशान करती हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि दिलीप त्रिपाठी के बेटे शुभम, सूरज और अभिषेक त्रिपाठी अपराधी प्रवृत्ति के हैं और आए दिन गाली-गलौज व मारपीट कर मोहल्ले में डर का माहौल बनाते हैं। आरोप लगाने वालों का कहना है कि दिलीप त्रिपाठी के परिवार ने पहले भी मोहल्ले के रास्ते पर बांस-बल्ली लगाकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया था। विरोध करने पर कई निर्दोष लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। मोहल्ले वासियों ने कहा कि अभी भी सड़क पर ट्रॉली व बांस लगाकर रास्ता बंद कर अवैध कब्जा किए हैं। वहीं चोरी के मामले में नामजद किए गए मनोज की पत्नी कंचन वर्मा ने भी मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर, प्रमुख सचिव गृह तथा डीसीपी दक्षिणी को शिकायती पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच व किरन त्रिपाठी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कंचन का आरोप है कि उनके परिवार के विरुद्ध दर्ज की गई चोरी की रिपोर्ट पूरी तरह झूठी है और उन्हें बेवजह प्रताड़ित किया जा रहा है। थाने पहुंचे लोगों ने ज्ञापन सौंपकर इंस्पेक्टर से मामले की गहन जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। इंस्पेक्टर ने आश्वासन दिया कि जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एल बी एस हेल्थ सिटी हॉस्पिटल में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैम्प का हुआ आयोजन

● सैकड़ों संख्या में पहुंचे मरीजों को मिला बेहतर इलाज: डायरेक्टर राजकुमार सिंह



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। माल क्षेत्र के मंझी सैदापुर रोड स्थित एलबीएस हेल्थ सिटी हॉस्पिटल ने आम जनता के स्वास्थ्य को लेकर रविवार को मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। पहुंचे मरीजों को मिला बेहतर इलाज।हर समस्या की मिली वरिष्ठ डाक्टरों से परामर्श से मरीज प्रभावित।इस मेडिकल कैम्प में नाक कान गला ,दंत चिकित्सा व गायनी मरोजो का विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा परीक्षण का दवाई दी गयी। अस्पताल के डायरेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि आज कैम्प में लगभग चार छः सौ प्लस मरीज आऐ और जिनकी हर समस्या का समाधान किया गया । इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ बी पी सिंह सर्जन ने नाक,कान ,गला के मरीजो को व डॉ रोहित सिंह,जनरल सर्जन के साथ डॉ मधुलिका सिंह,स्त्री एम् प्रसूति डॉ अभय सिंह ,डेंटिस्ट डॉ शिखर प्रताप सिंह,न्यूरो ने आये सभी मरोजो का परीक्षण किया। सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक चले कैम्प में अल्ट्रासाउंड व अन्य रक्त की जांचे भी बहुत कम मूल्य पर की गयी। मसीढ़ा हमीर निवासी मरीज राम प्रकाश यादव ने बताया है कि आज के इस कैंप में सब सीनियर डाक्टर आए और बेहतर तरीके से देखभाल की एवं सही दवाईयां उपलब्ध कराई साथ ही साथ महिला मरीज देवरी गजा निवासी मोनी ने बताया कि हमें दांत की बड़ी दिक्कत थी आज इस कैंप में जब अपनी समस्या को कैंप में बताया तो हमें बहुत अच्छी सलाह दी एवं हमें बहुत अच्छा लगा। बदैयां निवासी रोली मौर्य ने बताया कि हमें हाथ एवं पैरों में लगातार दर्द हो रही थी तभी मैंने इस कैंप के बारे में सुना और पहुंच कर डाक्टर को मिली तो जांच करवा कर दवाई दी जिससे फायदा देखने को मिला।

# चकबंदी से पहले तैयार कराया जाएगा ई नक्शा, कराया जाएगा पुराने से मिलान

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊः चकबंदी की प्रक्रिया को और सरल व पारदर्शी बनाने के लिए ई- नक्शा तैयार कराया जाएगा। इस नक्शे का मिलान पुराने नक्शे से करके चकबंदी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ई नक्शा तैयार करने के लिए रोवर मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। चकबंदी को लेकर होने वाले विवादों को समाप्त करने के लिए पहले चरण में कुछ जिलों में रोवर मशीनों से ई नक्शे तैयार किए जाएंगे। वर्तमान में पुराने नक्शों के आधार पर ही चकबंदी की जा रही है। इससे यह नहीं पता चल पाता है कि भूमि की क्या स्थिति है। प्रभावशाली लोग अपने हिसाब से जमीनों की पैमाइश करा लेते हैं और सामान्य ग्रामीण को यह शिकायत रहती है कि उनका हक मारा जा रहा है। इसी कारण उच्च स्तर पर तय किया गया है कि चकबंदी कराने से पहले प्रत्येक गाटे का नया नक्शा तैयार कराया जाएगा। नक्शा तैयार करने के लिए रोवर प्रक्रिया का इस्तेमाल किया जाएगा।

# शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की यामाहा मोटरसाइकिल बरामद




**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी की यामाहा ऱ्हे मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, वादी आशीष मसीह निवासी एल्डिको उद्यान-2 ने तहरीर देकर बताया कि वह मिलेनियम पैलेस, वृंदावन योजना में एक शादी समारोह में गए थे। इसी दौरान उनकी मोटरसाइकिल अज्ञात चोर उठा ले गए। मामले में थाना पीजीआई में मु0अ0सं0 613/2025 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना पीजीआई के इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह के अनुसार, पुलिस टीम ने ब्लीसफुल बैंक्वेट लॉन के सामने डिफेंस एक्सपो ग्राउंड से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। मौके से पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम अभिषेक तिवारी (21) पुत्र सुनील तिवारी, निवासी ग्राम मीरकनगर, थाना निगोहा बताया। आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# डाले की टक्कर से रेलवे फाटक का बूम टूटा, ढाई घंटे तक जाम

**महमूदनगर, मुजासा, दिलावरनगर की लिंक सड़कों पर बढ़ी भीड़, मुख्य मार्ग ठप**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद अमानीगंज रेलवे फाटक पर रविवार दोपहर बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

करीब 2:40 बजे माल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप डाले ने डाउन हो रहे रेलवे बूम में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तीव्र थी कि बूम टूटकर जमीन पर गिर गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बूम टूटते ही दोनों ओर से आते वाहन फाटक पर ही फंस गए। देखते ही देखते करीब ढाई घंटे तक जाम की लंबी कतारें लग गईं। मलिहाबाद से माल, हरदोई और लखनऊ की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई। बाइक, कार, ट्रक, ट्रैक्टर और छोटे मालवाहक वाहन सभी एक ही जगह घंटों तक जाम में खड़े रहे।


डाले से बूम टूटने से बंद पड़ा फाटक

आवागमन बाधित होने के कारण लोगों को मजबूरन दिलावरनगर, महमूदनगर, मुजासा और आसपास की लिंक सड़कों से होकर गुजरना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जाम खुलवाने में जुट गई। कई घंटों की कोशिश के बाद ही यातायात सुचारू हो पाया।

घटना के बाद टक्कर मारने वाला चालक पिकअप डाला लेकर मौके से फरार हो गया था। रेलवे पुलिस ने वाहन को बरामद कर चालक की पहचान देवरी भारत, माल निवासी घनश्याम के रूप में की, जिसे बाद में हिरासत में ले लिया गया। इस संबंध में रेलवे इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि चालक से पूछताछ की जा रही है और इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. वाई.एच.डी.एस. पब्लिक स्कूल में बाल मेला सम्पन्न



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बीते शनिवार को माल स्थित डॉ०वाई.एच.डी.एस. पब्लिक स्कूल में आयोजित बाल मेले में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। प्रबंधक राघवेंद्र सिंह की पहल पर आयोजित इस मेले का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना था। मेले में छात्रों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर न केवल विभिन्न विषयों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए बल्कि अपने कौशल से आगंतुकों को भी प्रभावित किया। प्रधानाचार्य कविता सिंह के नेतृत्व में अध्यापक आर.बी. सिंह, सुनैना विश्वकर्मा, सविता सिंह, राजकुमारी यादव और सपना सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं छात्र समर्थ प्रताप सिंह, आशीष सिंह, सौरभ यादव, आदर्श गुप्ता, मानवी सिंह, दीपिका और अखिल सिंह ने सक्रिय भागीदारी से मेले में उत्साह का संचार किया। प्रबंधक राघवेंद्र सिंह ने कहा कि बाल मेला छात्रों में आत्मनिर्भर बनने की ललक जगाता है और भविष्य में ऐसे बच्चे रोजगार के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। अभिभावकों ने भी अपने बच्चों के हुनर पर खुशी और गर्व व्यक्त किया।

# माघ मेला 2026 के लिए पर्यटन विभाग ने कसी कमर, पर्यटकों के लिए पहली बार स्थापित होंगे 4 अस्थाई सूचना केंद्र

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। वर्ष 2025 में योगी सरकार के प्रयास से संगम नगरी प्रयागराज में आयोजित दिव्य , भव्य और स्वच्छ कुंभ के सफल आयोजन को पूरी दुनिया ने सराहा। यूनेस्को द्वारा इसे 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। आयोजन की भव्य सफलता के बाद अब संगम नगरी महाकुंभ के बात माघ मेला 2026 का इंतजार कर रही है। 3 जनवरी 2026 में आयोजित होने जा रहे आस्था के इस महा समागम में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुमान को देखते हुए पर्यटन विभाग भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### पहली बार माघ मेले में 04 अस्थाई पर्यटन सूचना केंद्र की स्थापना

महाकुंभ 2025 के दिव्य और भव्य आयोजन के बाद प्रयागराज को अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है। पर्यटकों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी इसका संकेत दे रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि वर्ष 2020 में प्रयागराज में पर्यटकों की संख्या 31933758 थी, जो 2021 में 11213496, वर्ष 2022 में 26047166, वर्ष 2023 में 50671622 , वर्ष 2024 में 5,12,6,2806 और 2025 जनवरी से सितंबर तक 68,21,50806 तक पहुंच गई। संगम नगरी में पर्यटकों की आई इस सूनामी से पर्यटन विभाग उत्साहित है। इस बार 3 जनवरी 2026 से शुरू होकर 44 दिन तक होने जा रहे माघ मेले में 12 से 15 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम नगरी पहुंचने का अनुमान है। इसे देखते हुए माघ मेले में 04 अस्थाई सूचना पर्यटन केंद्र बनाए जा रहे हैं।

### पर्यटन सूचना केंद्रों में मिलेंगी ये सुविधाएं

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की तरफ से स्थापित जा रहे इन पर्यटन सूचना केंद्रों में प्रयागराज के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों की जानकारी की पुस्तिका हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी। डिजिटल फॉर्मेट में भी इसे उपलब्ध कराया जायेगा। सूचना केंद्र में एक गाइड बुक भी होगी । पर्यटकों को टूरिज्म की जानकारी देने के लिए यहां पर एक प्रशिक्षित गाइड की सूची भी उपलब्ध रहेगी। पर्यटकों के ठहरने की जानकारी देने के लिए यहां पर रजिस्टर्ड पेइंग गेस्ट हाउस की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी।

# घर की दीवार फांद, चोर उठा ले गए समरसेबेल पंप और 180 फीट पाइप

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। वृन्दावन योजना राय बरेली रोड, सेक्टर 12 में बेखौफ बदमाशों ने घर की दीवार फांद कर समरसिबल पंप और पाइप उठा ले गए, सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। सुनीता सिंह पिता का नाम अशोक लाल निवासी 12ए/33 वृन्दावन योजना सेक्टर 12, पीजीआई लखनऊ में रहते हैं। पीड़िता ने बताया कि बीती 29 नवंबर की रात करीब दो बजे उनके मकान नंबर 128/630 में अज्ञात चोरों द्वारा दीवार फांद कर समर्सिबल पंप व 180 फीट पाइप जिसकी कीमत लगभग 40,000 रुपये थी, चोरी कर लिया गया है। और 180 फीट पाइप को तोड़ दिया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, धर्म परिवर्तन का दबाव, पीड़िता ने थाने में लगाई न्याय की गुहार

**अमन लेखनी समाचार**

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृन्दावन योजना सेक्टर-18 निवासी एक विवाहित अनुसूचित जाति की महिला ने एक मुस्लिम युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने तथा संबंध विच्छेद के बाद धोखा देने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाना पीजीआई में तहरीर दी है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता के अनुसार वह अपने पति और दो बच्चों के साथ किराये के मकान में रहती है। तहरीर में बताया गया है कि बीते 25 फरवरी 2025 को वह अपने परिवार के साथ शहादतगंज में रिश्तेदारी के एक प्रीतिभोज में गई थी, जहां उसकी मुलाकात सलमान गाजी नाम के व्यक्ति से हुई। सलमान ने नेटवर्क मार्केटिंग में साथ काम करने की बात कहकर उसका मोबाइल नंबर लिया और लगातार संपर्क बनाना शुरू कर दिया।धीरे-धीरे बातचीत बढ़ने के बाद सलमान ने बीते अप्रैल 2025 में वृंदावन योजना में मिलने बुलाया। पीड़िता के अनुसार इसके बाद से वह मानसिक रूप से विचलित रहने लगी और अपने परिवार से दूरी बनाने लगी। सलमान उससे लगातार व्हाट्सएप, टेलीग्राम, बोटिम और बीवर ऐप के जरिए संपर्क में रहता था। नवरात्रि के दौरान उसने चारबाग रेलवे स्टेशन पर पीड़िता को अपनी मां से भी मिलवाया।

पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब उसके पति को दोनों के संबंधों की जानकारी हुई तो घर का माहौल खराब हो गया। तनाव के चलते उसने आवेश में आत्महत्या की कोशिश भी की, परंतु पति ने बचा लिया। इसके बाद पति-पत्नी ने परिस्थितियों को देखते हुए बीते 14 अक्टूबर 2025 को आपसी सहमति से तलाक की अर्जी परिवार न्यायालय में दाखिल कर दी।पीड़िता का कहना है कि बीते 26 अक्टूबर 2025 को सलमान ने उसे दुबग्गा बुलाया और किसी होटल में ले जाकर विवाह का प्रलोभन देते हुए मंगलसूत्र पहनाया तथा शारीरिक संबंध बनाए। बीते 20 नवंबर को भी उसने दोबारा बुलाकर उसी होटल में संबंध बनाए और कुछ निजी तस्वीरें अपने मोबाइल में कैद कर लीं।तहरीर के मुताबिक तलाक की अर्जी दाखिल होने के बाद सलमान का व्यवहार बदलने लगा और वह हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम स्वीकार करने का दबाव बनाने लगा। पीड़िता के इनकार पर उसने उसे सभी सोशल मीडिया और मोबाइल एप्स से ब्लॉक कर दिया। बीते 25 नवंबर को किसी तरह हुई बातचीत में आरोपी ने विवाह से साफ इनकार करते हुए धमकाने की कोशिश की। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं तथा वह कई महिलाओं से इसी तरह धोखाधड़ी कर चुका है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी के झांसे में आकर उसका वैवाहिक जीवन टूट चुका है और वह मानसिक रूप से अत्यंत आहत है। उसने पुलिस से गुहार लगाई है कि आरोपी सलमान गाजी के विरुद्ध धोखाधड़ी, शारीरिक शोषण और धमकी देने के आरोपों में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# कानपुर नगर निगम की महिला क्लर्क को रोडवेज बस ने कुचला

**फुट ओवरब्रिज के पास हुई दुर्घटना**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन स्थित फुट ओवरब्रिज के पास रविवार की सुबह तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस ने कानपुर नगर निगम की महिला क्लर्क को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उन्नाव के शुक्लागंज निवासी महिला कुर्सी रोड स्थित अपनी भांजी के यहां आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। एम्स रायबरेली में अपने पिता को देखने जाने के लिए वह चारबाग पहुंचीं। इसी बीच दुर्घटना हो गई। बस चालक को पकड़कर लोगों ने पुलिस को सौंपा है।

### सड़क पार कर रहते समय हुआ हादसा

उन्नाव के शुक्लागंज गंगाघाट निवासी 40 वर्षीय संगीता रावत कुर्सी रोड स्थित अपनी बहन की बेटी के घर में आयोजित गृह प्रवेश में शामिल होने के लिए शनिवार को आई थीं। उनके साथ बेटे राहुल, आदी और बेटी जान्हवी भी थी। भाई शत्रुघ्न ने बताया कि कार्यक्रम संपन्न होने पर रविवार को वह अस्पताल में भर्ती अपने पिता से मिलने के लिए रायबरेली जा रही थीं। कुर्सी रोड से वह बच्चों के साथ चारबाग पहुंचीं। वह फुट ओवरब्रिज के पास सड़क पार कर रही थीं, तभी अनियंत्रित होकर चारबाग डिपो की रोडवेज बस ने उन्हें रौंद दिया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने घटना की सूचना परिवार को दी है। घटना में संगीता के साथ सड़क पार कर रहे बेटे आदी को भी चोटें आई हैं। उसका इलाज जारी है। हुसैनगंज इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। मृतक आश्रित कोटे में मिली थी नौकरीः शत्रुघ्न के मुताबिक संगीता के पति की तीन वर्ष पहले मौत हो गई थी। उनके स्थान पर कानपुर नगर निगम में संगीता को नौकरी मिली थी। घटना के बाद से परिवार सदमे में है।

# चावल की बोरियों में 173 फर्मों को कफ सिरप की सप्लाई

**यूपी के तीन और संदिग्धों पर नजर; असम तक जुड़े हैं तार**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। नशे में इस्तेमाल होने वाली फेंसेडिल कफ सीरप के मामले में शुभम जायसवाल, आलोक सिंह और अमित सिंह टाटा के अलावा तीन और संदिग्ध हैं। यह तीनों भी गिरोह से जुड़े थे। इनके खिलाफ भी एसटीएफ तथ्य जुटा रही है। एसटीएफ सूत्रों ने बताया कि तस्करी के तार असम तक जुड़े हैं। एक फर्म असम के पते पर भी पंजीकृत है। एसटीएफ ने बताया कि फेंसेडिल कफ सीरप के मामले में शुभम जायसवाल, बर्खास्त सिपाही आलोक सिंह और अमित सिंह टाटा का नाम तो सामने आ गया, लेकिन अभी तीन और लोगों को चिह्नित कर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है। ये सभी लखनऊ, वाराणसी समेत



अन्य जगहों तक तस्करी करने में अहम भूमिका निभाते थे। सूत्र बताते हैं कि जांच में असम की भी एक फर्म सामने आई है। उसके जरिए कितना माल लिया गया था, यह पता लगाया जा रहा है। बताया गया है कि फेंसेडिल कफ सीरप गिरोह ने पूर्वांचल की 173 फर्मों को आपूर्ति की थी। इस गिरोह ने अपने पूरे नेटवर्क का केंद्र वाराणसी व आसपास के 10 जिलों को बनाया था। यहां 100 करोड़ से अधिक का काला कारोबार किया। उसमें सर्वाधिक मास्टर माइंड शुभम जायसवाल के पिता भोला प्रसाद जायसवाल के नाम से किया गया था। इसमें कई बंद फर्मों को भी सप्लाई की गई थी। वाराणसी में 126, जौनपुर में 28, आजमगढ़ में तीन, चंदौली में सात, गाजीपुर में पांच और भदोही में चार फर्मों को कफ सीरप दिया गया। फर्म के नाम अलग होने के कारण लंबे समय तक किसी को संदेह नहीं हुआ। अब तक की जांच में बनारस की 40 फर्मों का रिकार्ड नहीं मिला, जिन पर मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा 30 से अधिक फर्में बंद हैं और उनके मोबाइल नंबर भी बंद हैं। पूर्वांचल के विभिन्न जिलों में इस मामले में अब तक 50 से अधिक मामले दर्ज किए जा चुके हैं। वहीं, बची हुई फर्मों की जांच जारी है।

### टाटा से जुड़े हर ठिकाने पर होगी छापेमारी

एसटीएफ के अधिकारी के मुताबिक अमित सिंह टाटा से जुड़े सभी ठिकानों पर निगरानी रखी जा रही है। यदि कोई संदिग्ध दस्तावेज मिलता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस ने उसके गांव में छापा मारा था। लोगों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन पुलिस ने किसी को घर के अंदर नहीं जाने दिया। सावधानी के तौर पर आसपास के क्षेत्र में भी पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। जांच एजेंसियां अब उनके राजनीतिक और कारोबारी नेटवर्क की भी गहन पड़ताल कर रही हैं।

### चावल की बोरी में सप्लाई होती थी सीरप

तस्करी के दौरान सीरप पकड़ी न जाए इसके लिए चावल की बोरी में भर कर भेजते थे। इसके लिए एक गिरोह भारी मात्रा में चावल भी खरीदता था। गिरोह की पूरी जानकारी जुटाने के लिए अलग-अलग कई टीमें लगी हुई है।

## संक्षेप

### महिला ने ससुरालीजनो पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के राधागंज में उत्पीड़न से पीड़ित होकर रहने वाली महिला ने सास ससुर देवर,ननद और नंदोई के विरुद्ध बिहार थाने में मारपीट गाली गलौज दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। कानपुर नगर के 218 ए ब्लॉक विश्व बैंक कॉलोनी थाना बर्रा निवासी लक्ष्मी गुप्ता पुत्री संजय गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक कानपुर को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 6 जून 2025 को उसके देवर अनुज उसके कमरे में आया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा मेरे चिल्लाने पर घर में मौजूद सास गीता देवी, पति विपिन, ननद निधि नंदोई सागर ने कहा कि जब तक 2 लाख दहेज नहीं लेकर घर से आओगी तब तक अनुज तुम्हारा उत्पीड़न करता रहेगा। उसके बाद उपयुक्त लोगों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कानपुर नगर से गुहार लगाई कि उसका मामला बिहार थाने में दर्ज कराया जाए जिससे कि ससुराल पक्ष के लोग परेशान न कर सकें। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर बिहार थाने में पति,देवर, सास ,ननद ,नंदोई के विरुद्ध गाली गलौज धमकी तथा दहेज उत्पीड़न के पिद्न गाली गलौज केस दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### सीएम सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित, 159 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ

बांगरमऊ, उन्नाव। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिम्मेदारों द्वारा तीन ब्लाक क्षेत्रों के कुल 159 जोड़ों की सादी संपन्न कराई गई इस दौरान प्रशासनिक जिम्मेदारों व जनप्रतिधियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर नवजोड़ो को आशीर्वाद देकर दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गई। बांगरमऊ व गंजमुरादाबाद के बी डी ओ अनिल कुमार सिंह,फतेहपुर चौरासी बी डी ओ श्वेता त्रिपाठी आदि के नेतृत्व में आयोजित हुए कार्यक्रम में बांगरमऊ के 53 ,गंजमुरादाबाद 59 व फतेहपुर चौरासी के 44 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया इसके अलावा 3 जोड़े नगर पालिका क्षेत्र बांगरमऊ के शामिल हुए इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह की उपस्थित में विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यक्रम में पहुंचकर सभी नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर सरकार की मंशानुरूप उन्हें उपहार भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई साथ ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक पटेल,बांगरमऊ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर ,फतेहपुर चौरासी चेयरमैन मनोज निषाद,पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेंद्र सिंह आदि सहित अनेक शासन प्रशाशन के लोगो ने कार्यक्रम में पहुंचकर हिस्सा लिया तथा नवजोड़ो को आशीर्वाद दिया।इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार,समाज कल्याण ए डी ओ अजय कुमार,दीपकांत चोला आदि के अलावा कार्यक्रम में वर कन्या पक्ष के तमाम लोगो की भीड़ जमा रही।

## संभावित हार के डर से भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही सपा डिप्टी सीएम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। रविवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी संभावित हार से डरकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है। डिप्टी सीएम भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग सिंह के आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों की भारी भीड़ मौजूद रही। डिप्टी सीएम के आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं और नारों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सभी ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण सुना। उन्नाव सांसद साक्षी महाराज भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और प्रशासन के अधिकारी सतर्क दिखे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने समाजवादी



पार्टी और एसआईआर सर्वे को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष अपनी संभावित हार को देखते हुए घबरा गया है और भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहा है। पाठक ने कहा, ₹एसआईआर की जो चर्चा विपक्ष कर रहा है, वह अपनी संभावित हार को आते देख घबरा गया है। बिहार में जिस तरह राजग गठबंधन ने विपक्ष के गुंडाराज और जंगलराज को समाप्त किया, उसकी हवाएं अब उत्तर प्रदेश में चल रही हैं। अखिलेश यादव जी इसी का दर्द झेल रहे हैं। 2017 से पहले चर्चा गुंडई पर होती थी, आज चर्चा विकास पर होती है।₹ माफियाओं पर चल रही सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए डिप्टी सीएम ने दोहराया कि भाजपा सरकार कानून व्यवस्था पर कोई समझौता नहीं करेगी। उन्होंने कहा, ₹एक समय था जब हर जिले में एक माफिया हुआ करता था, 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन माफिया'। हमारी सरकार ने माफियाओं की कमर तोड़ दी है। अखिलेश यादव जी को इसी बात से परेशानी है। उनके पेट में दर्द हो रहा है कि माफिया खत्म हो रहे हैं। ड्रग माफिया हो या अन्य अपराधी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा, सभी जेल जाएंगे और कानून का सामना करेंगे।₹ आरक्षण पर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया कि भाजपा सरकार संविधान और बाबा साहेब अंबेडकर की सोच के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति पर काम कर रही है। आरक्षण का पूरा सम्मान किया जाएगा और इसमें किसी तरह की कटौती का सवाल ही नहीं है। कार्यक्रम का समापन स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के संकल्प के साथ किया।

## जिलाधिकारी ने दो बूथों का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव चल रहे एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) सर्वे को सुचारु बनाने के लिए जिला प्रशासन सक्रिय है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शहर के दो बूथों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वे की प्रगति, बीएलओ की कार्यप्रणाली और नागरिकों के फीडबैक का मूल्यांकन किया। डीएम ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में सर्वे की चुनौतियाँ ग्रामीण इलाकों से भिन्न हैं। जिलाधिकारी राठी ने बताया कि बीएलओ लगातार घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि, कई स्थानों पर नागरिकों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे सर्वे प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय पर फॉर्म उपलब्ध कराकर डिजिटाइजेशन के कार्य में सहयोग करें। सर्वे के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ नागरिकों के नाम एक साथ कई स्थानों पर दर्ज हैं। इससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है और प्रक्रिया में अनावश्यक देरी होती है। डीएम ने स्पष्ट किया कि नागरिक स्वयं अपने वास्तविक और वर्तमान निवास स्थल की जानकारी दें, ताकि शेष स्थानों से नाम हटाए जा सकें। उन्होंने कहा, ₹जहाँ आप वर्तमान में रहते हैं, वही आपका सही मतदान क्षेत्र होगा।₹ जिलाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्र करना आवश्यक है। इसलिए आने वाले दिनों में बीएलओ की विजिट और तेज की जाएंगी। उन्होंने नागरिकों से इस दौरान विशेष सहयोग की अपेक्षा की। नागरिकों की सुविधा के लिए सहायता केंद्रों पर कोटेदार, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहुएँ और फील्ड स्टाफ तैनात किए गए हैं। बीएलओ और बीएलए से फीडबैक लिया गया है। मैं सभी नागरिकों से अनुरोध करता हूँ कि यह सामूहिक प्रक्रिया है। बीएलओ घर-घर आ रहे हैं, कृपया सहयोग करें और समय से फॉर्म उपलब्ध कराएँ। कई बार नाम अलग-अलग जगह पर दर्ज मिलते हैं, ऐसे में नागरिक स्वयं बताएँ कि उनका वास्तविक निवास स्थान कौन सा है। यह बिल्कुल सामान्य प्रक्रिया है और इसमें किसी प्रकार की भ्रांति नहीं होनी चाहिए।

## अनियंत्रित कार पलटी,मासूम समेत पांच घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ओवरटेक के दौरान कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई. भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के मासूम बच्चे समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने रेस्क्यू कर सभी घायलों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने पांचो की हालत गंभीर देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। हादसा इतना दर्दनाक था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. वह एक्सप्रेस से पर अफरा तफरी मच गई. पुलिस और एक्सप्रेसवे की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। दरअसल लखनऊ जनपद के थाना लोहिया कला के आई एम रोड निवासी कुलदीप सिंह पुत्र प्रगट सिंह उम्र 32 वर्ष अपनी पत्नी सरोज उम्र 30 वर्ष बेटा कार्तिक उम्र 10 वर्ष और बहन पूजा उम्र 24 वर्ष और सास कमला पत्नी परमानंद उम्र 45 वर्ष बुलेरो न्यू कार से शनिवार रात दर्शन करने के लिए लखनऊ से मथुरा गए थे. जहां से रविवार को वापस घर लौट रहे थे. इसी दौरान बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे किलोमीटर संख्या 226 पर ओवरटेक करने के दौरान कार अनियंत्रित होकर पलट गई.घटन की जानकारी होने पर पुलिस और एक्सप्रेसवे टीम ने तुरंत मौके पर पहुंच कर बचाव कार्य शुरू किया.कार में फंसे सभी श्रद्धालुओं को रेस्क्यू पर बाहर निकाला और यूपीडा एंबुलेश की मदद से सभी घायलों को सीएचसी बांगरमऊ में भर्ती कराया है।जहां से सभी घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया हैं।घटना की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल चाल लिया

## एसपी की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त गोष्ठी में प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष एवं पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी आदि अधिकारीगण सम्मिलित हुए।अपराध गोष्ठी के दौरान थानों पर पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की गई एवं गंभीर अपराधों के लंबित अभियोगों का गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर की कार्यवाही करने, माफियाओं पर गैंगस्टर, एनएसए के तहत कार्यवाही



करने हेतु निर्देश दिए गये। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब/अवैध शस्त्र/जुआ/मादक पदार्थ आदि अवैध कार्यों के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। गंभीर अपराधों, पॉक्सो एक्ट, बलात्कार आदि के अभियोगों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु भी निर्देश दिये गये। चोरी, नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कार्य योजना तैयार करके प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। भीड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं सतर्क निगरानी हेतु दिशा निर्देश दिए गए। जमीनी विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करने, आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए गए।

## साहित्यकार ने अपनी चर्चित पुस्तक डीएम को की भेंट

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गणेश नारायण शुक्ल ने जिलाधिकारी गौरांग राठी से मिलकर उन्हें अपनी चर्चित पुस्तक 'उन्नाव जनपद का इतिहास' भेंट की। इस पुस्तक का विमोचन पिछले दिनों हरिवंश लाल शुक्ला इंटर कॉलेज ऊँचगांव में माननीय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पद्मश्री हृदय नारायण दीक्षित और हिंदी साहित्य के शिखर समीक्षक प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित के हाथों हुआ था, इस पुस्तक में डॉ. शुक्ल ने उन्नाव के प्रागैतिहासिक काल से लेकर आधुनिक काल तक के इतिहास का प्रामाणिक विवरण दिया है, उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में उन्नाव जनपद के योगदान की विस्तार से चर्चा की है,पुस्तक में उन्नाव जनपद के सामाजिक सांस्कृतिक और साहित्यिक योगदान पर भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है । डॉ शुक्ल की साहित्य, काव्य,समीक्षा एवं इतिहास से संबंधित लगभग 26 पुस्तकें प्रकाशित है। जिलाधिकारी से भेंट करने के पश्चात डॉ शुक्ल ने बताया जिलाधिकारी ने उन्नाव के साहित्यिक, सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित रखने की एक बहुत ही सराहनीय योजना बनाई है । जिलाधिकारी इस दिशा में बहुत ही प्रयत्नशील है वह उन्नाव जनपद के इतिहास को संग्रहित संरक्षित करने के विषय में पूरी तरह प्रयासरत है । जिलाधिकारी से भेंट करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार स्तंभकार अरुण कुमार दीक्षित, साहित्यकार डॉ रामनरेश, डॉ आनंद वर्धन शुक्ल एवं एडवोकेट कुमार नमामि दीक्षित प्रमुख है ।

## ग्रीन एंड क्लीन यूपी अभियान में अनूप मिश्र

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बैदेही वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वर्ण कर्मयोगी सम्मान समारोह 2025 सीजन 5 में पुलिस दम्पत्ति अनूप मिश्र अपूर्व ( प्रभारी - पुलिस कंट्रोल रूम ) और उनकी धर्म पत्नी सब इंस्पेक्टर रीना पाण्डेय को उनकी उत्कृष्ट पुलिस सेवा व उल्लेखनीय सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह का आयोजन फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. रूबी राज सिन्हा के नेतृत्व में किया गया, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी अमीनाबाद कोतवाली सुनील आजाद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज सेवा, सुरक्षा और जनकल्याण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों और सामाजिक व्यक्तित्वों को सम्मानित करना था। सम्मान ग्रहण करते हुए अनूप मिश्र अपूर्व और रीना पाण्डेय ने कहा कि– उन्नाव के शिक्षक एवं समाजसेवी प्रदीप कुमार वर्मा के साथ मिलकर शुरू किया गया ग्रीन एंड




क्लीन उन्नाव अभियान आज ग्रीन एंड क्लीन यूपी के रूप में पूरे प्रदेश में नई पहचान बना चुका है। प्रदेशभर के हजारों शिक्षक अपने विद्यालयों और गांवों को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। यह हम सभी के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उनकी इस प्रतिबद्धता की कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने सराहना की और इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया। पी.एस .पी .एस .ए के जिला महामंत्री एवं मांडलिक मंत्री तथा ग्रीन एंड क्लीन यूपी के मुख्य सह संयोजक प्रदीप कुमार वर्मा ने अनूप मिश्र को बधाई देते हुए कहा– समाज में बदलाव वही ला सकता है, जो निस्वार्थ भाव से सेवा और जनहित के लिए कार्य करे। अनूप मिश्र अपूर्व जी का यह सम्मान सामाजिक कार्यों के प्रति उनके दृढ़ संकल्प का परिचायक है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमारे संयुक्त प्रयास आज एक जनांदोलन का रूप ले चुके हैं। मैं उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। अध्यक्ष डॉ. रूबी राज सिन्हा ने कहा कि समाज की सुरक्षा और सेवा में जुटे कर्मयोगियों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने इस पहल को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया।

## मार्ग के किनारे चल रहा चौड़ीकरण कार्य आएदिन लगता जाम



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र के कस्बा चकलवंशी चौराहे पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सडक किनारे चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते दिनभर जाम की स्थिति बनी रही है थोडे थोडे अंतराल पर जाम लग रहा है हलांकि पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी अथक प्रयास कर जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा कस्बा चकलवंशी चौराहे के चारों प्रमुख मार्गों पर सडक किनारे फुटपाथ का चौडी करण का काम जेसीबी मशीन के खुदाई कर मलवा ट्रैक्टर ट्राली में भर कर हटाया जा रहा है साथ ही तेज सहालग के वाहन बडी संख्या में गुजर रहे हैं जिससे जाम की स्थिति बन रही है पुलिस एक ओर से जाम हटाती है तो दूसरी ओर से जाम लगने लगता है दोपहर से जाम लगने का सिलसिला चल रहा है।

## स्कूल के मासूम बच्चों से कराई जा रही मजदूरी वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रामपुरी स्थित पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर नाली निर्माण कार्य में स्कूल के मासूम बच्चों से मजदूरी कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में 12-14 वर्ष के बच्चे स्कूल यूनिफॉर्म में ही भारी पत्थर उठाकर मजदूरों की तरह काम करते दिख रहे हैं, जबकि उन्हें उसी समय कक्षा में होना चाहिए था। वीडियो सामने आते ही इलाके में आक्रोश फैल गया। वायरल फुटेज में बच्चे सिर और हाथों में बड़े पत्थर उठाकर निर्माण स्थल तक ले जाते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह उसी समय का वीडियो है जब स्कूल के बाहर नाली निर्माण का काम चल रहा था। किसी कर्मचारी या स्कूल के जिम्मेदार की अनदेखी में बच्चों को कार्य में लगा दिया गया। मामले के बाद बाल श्रम कानून, शिक्षा का अधिकार (फळए) और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि स्कूल प्रशासन और शिक्षा विभाग दोनों ही निर्माण स्थल की मॉनिटरिंग के दौरान बच्चों को सुरक्षित दूरी पर रखने में विफल रहे। यह घटना उनकी सतर्कता की कमी को उजागर करती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सिर्फ एक वीडियो नहीं, बल्कि स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और निगरानी की व्यापक कमी को दशार्ता है। यदि समय रहते किसी अधिकारी की नजर इस गैरकानूनी गतिविधि पर पड़ती, तो बच्चों को ऐसे जोखिम भरे काम में नहीं लगाया जाता। लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जिला प्रशासन तुरंत जांच कर जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई करेगा। बाल श्रम न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि बच्चों के अधिकार और उनके भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। इलाके में चर्चा है कि अगर जवाबदेही तय नहीं हुई, तो ऐसे मामले आगे भी दोहराए जा सकते हैं।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत एक घायल

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में शनिवार की रात उन्नाव हरदोई मार्ग पर ओवर टेक के दौरान सामने से आ रहे डम्पर चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टर ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया जबकि तीसरे का इलाज चल रहा है घटना की सूचना पर मृतकों के परिजन रोते बिलखते अस्पताल पहुंचे रविवार पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतकों के शव पीएम के भेज दिया। माखी थाना क्षेत्र के मझखोरिया गांव निवासी दयाशंकर का बेटा संदीप 24 शनिवार की शाम गांव निवासी दोस्त सूरज पुत्र सुशील 18 चचेरा बहनोई अजय कुमार निवासी झकरकटी कानपुर के साथ एक ही बाइक से सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा गांव निवासी मौसा विनोदी के यहां गए थे मौसा के भाई राजेंद्र के बेटे की रविवार बारात जानी है जहां से तीनों देर रात वापस लौट रहे थे इसी बीच भिनकी पुर गांव के पास सामने से आ रहे डम्पर चालक ने सामने से टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गए ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टर ने संदीप और सूरज को मृत घोषित कर दिया जबकि अजय कुमार का इलाज चल रहा है दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी सहित मौके से भाग निकला इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों के शव पीएम के लिए भेज दिया है।

**मृतक संदीप पांच भाइयों के बीच दूसरे स्थान पर था बडा भाई कुलदीप छोटे विपिन, दीपक, दीपेश हैं मां लक्ष्मी बेटे की मौत से आहत है। मृतक सूरज के पिता गांव में रहते हैं जबकि मां शारदा 10 साल पहले आदित्य व आसू बेटी पूजा को लेकर दूसरी जगह चली गयी थी संदीप और सूरज दोनों मुम्बई में गारमेंट्स की दुकान पर काम करते थे और दोनों के बीच दोस्ती थी दीपावली में गांव आए थे और तब से यहीं थे मृतक दोनों युवक अविवाहित थे**

**मृतक संदीप के मौसा अटवा गांव में रहते हैं शनिवार मौसा के लडके की बर्थडे पार्टी थी और मौसा के भाई राजेंद्र के लडके की रविवार को बारात जानी है जिसके चलते संदीप दोस्त सूरज और चचेरे बहनोई अजय कुमार के साथ अटवा गांव गया था जहां से लौटते समय रास्ते में हादसे का शिकार हो गए।**

## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का खेल, निर्माणाधीन सड़क की परत उखाड़ते वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज बारिश में खस्ताहाल हुई सड़को का अब पैच वर्क कार्य चल रहा है जिसमें मानक के विपरीत घटिया निर्माण किए जाने से तीन दिन पहले सड़क की मिट्टी सफाई के बिना पैच वर्क किए जाने से वह हाथों से उखड़ रही है।जिसका ग्रामीणों द्वारा सड़क की परत उखाड़ते एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।जिसको संज्ञान में लेते हुए एक्सियन ने जांच का आदेश दिया है। मामला उन्नाव लालगंज मार्ग से बेथर और मवैया माफी को जोड़ने वाले एक किमी लंबे डामरीकृत संपर्क मार्ग का है जो बारिश के दौरान कट जाने से सड़क की गिट्टी उखड़ गई थी पीडब्ल्यूडी द्वारा इन सड़कों का पेचवर्क कराकर उनकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। गांव के कपिल शुक्ला बताते है कि 3 दिन पहले शुक्रवार को मवैया माफी से बेथर तक के जर्जर मार्ग में पैच वर्क किया जा रहा था जिसमें सड़क पर पड़ी मिट्टी को साफ किए बगैर उसमें गिट्टी युक्त डामर डाला जा रहा था जिसका ग्रामीणों ने विरोध भी किया था लेकिन कार्य करा रहे ठेकेदार ने गांव वालों की नहीं सुनी।तीसरे दिन रविवार को ग्रामीणों द्वारा पेचवर्क को हाथों से उखाड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल किया है हालांकि आपका हिंदुस्तान समाचार पत्र किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है फिर भी मानक के विपरीत हुए घटिया निर्माण में सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की चचार्एं खूब होती रही।इस संबंध में पीडब्ल्यूडी के जेई नवीन मिश्रा से वार्ता किए जाने पर बताया गया कि सड़क हाथों से उखाड़ने पर तो उखड़े गी ही। वहीं एक्शियन हरदयाल अहिरवार ने कहा मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच कराकर कार्यदाई संस्था को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा।

## अनियंत्रित पिकअप पलटी, चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र अन्तर्गत बोलेरो को बचाने के चक्कर मे पिकगप गाड़ी के पलट जाने से चालक की मौके पर ही मौत हो गयी । पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। थाना क्षेत्र के कस्बा पाटन में मेला चौराहा पर तेज गति से आ रही बोलेरो से बचने के चक्कर मे पिकअप चालक ने तेजी से स्टेरिंग घूमा दी जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गया ।पिकअप



चला रहे रायबरेली जनपद के खीरों थाना क्षेत्र के गांव जगन्नाथगंज निवासी राकेश कुमार गुप्ता 42 वर्ष बाहर गिर गया और पिकअप की बॉडी उसके ऊपर ही आ गयी ।राकेश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पिकअप में सवार लक्ष्मी शंकर साहू व बबलू साहू बाल बाल बच गए। लक्ष्मी शंकर के अनुसार वह सभी बीघापुर से रात करीब 12 बजे वापस आ रहे थे तभी तेज गति से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी । सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है ।दिवंगत की पत्नी रेखा गुप्ता ,पुत्र आलोक गुप्ता ,पुत्री प्रिया गुप्ता सहित पूरे परिवार का रो रो बुरा हाल है।

## नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के गांव सेमरी में रविवार को डाक्टर जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर द्वारा कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पहुंचे भाजपा नेता संजय शुक्ला ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।अस्पताल से आए डाक्टर दीपक शर्मा द्वारा चालीस मरीजों की आंखों की जांच की गई।जहां छह मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत मिलने पर ऑपरेशन करने की सलाह दी गई।डाक्टर दीपक शर्मा ने बताया कि मरीजों की आंखों का ऑपरेशन सर्वोदय नगर कानपुर स्थित अस्पताल में किया जाएगा।आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस दौरान विनोद शुक्ला, अनुज शुक्ला, मोहित, सुनील, सुरेश, राजकिशोर, निश कुमार, अनूप आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# प्रदूषण से निपटने को कड़े कदम उठाने की जरूरत

एक समय था जब जहरीली हवा के मामले में चीन का शहर बीजिंग दुनिया भर में बदनाम था। एक्यूआई 500 को भी पार कर चुका था। चौतरफा प्रदूषण को लेकर चीन निशाने पर था। विदेशी कंपनियां निवेश करने से हिचकने लगीं थी। चीनी अमीर दूसरे देशों में बसने के बारे में सोचने लगे। वायु प्रदूषण की समस्या चीन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी का कारण बन गई थी। बीजिंग में 2007 से एयर पॉल्यूशन शुरू हुआ तो 2011 तक पहुंचते-पहुंचते हालात दिल्ली से भी बदतर हो गए थे। शहर घने ग्रे स्मॉग से ढका रहता था। पीएम 2.5 का स्तर खतरनाक हो गया। 2013 में बीजिंग में एक्यूआई 755 तक दर्ज किया गया। उस साल कई रिपोर्टों में बीजिंग को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर और चीन के इतिहास में सबसे प्रदूषित साल करार दिया गया। तब ड्रैगन ने आक्रामक, सख्त और सुनियोजित नीतियां व योजनाएं बनाईं। इस पर तुरंत अमल शुरू किया गया। चीन सरकार ने 2013 में 5 साल के लिए एयर पॉल्यूशन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल एक्शन प्लान बनाया। इसमें बीजिंग-तियानजिन-हुबेई क्षेत्र के लिए पीएम 2.5 कम करने के सख्त लक्ष्य तय किए गए। सरकार ने उद्योगों, ईंधन मानकों और शहर नियोजन के लिए कठोर नियम लागू किए। साल 2018 से ब्लू स्काई प्रोटेक्शन कैंपेन शुरू हुआ, जिसने नियमों को और कड़ा कर दिया गया। सरकार ने बीजिंग के आसपास के हजारों छोटे और अत्यधिक प्रदूषक कारखानों को या तो बंद कर दिया था या फिर दूर के प्रांतों में शिफ्ट कर दिया। स्टील, सीमेंट और कोयला पर चलने वाले बिजली संयंत्रों जैसे भारी उद्योगों को क्लीन एनर्जी और टेक्नोलॉजी अपनाने या फिर बीजिंग छोड़ने को मजबूर किया गया। साल 2017 में अपना आखिरी कोयला-आधारित बिजली संयंत्र भी बंद कर दिया। इसी के साथ प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा की ओर रुख किया। तभी सरकार ने तय किया कि बीजिंग में बिजली आधारित वाहनों का उपयोग सबसे ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए जगह-जगह चार्जिंग प्वाइंट लगाए गए, ताकि लोगों में बिजली वाहनों के प्रति भरोसा जगाया जा सके। इसका खासा असर भी दिखाई दिया। महज तीन साल में ही 30 फीसदी बिजली के वाहन शहर की सड़कों पर दौड़ने लगे, जिनका नतीजा है कि आज उसकी हवा साफ हो चुकी है। एक्यूआई लेवल 100 तक आ पहुंचा है। इसी के साथ अब बीजिंग एयर पॉल्यूशन से जूझ रहे शहरों के लिए उदाहरण बन गया है। अगर चीन ऐसा कर सकता है तो हम क्यों नहीं। बस जरूरत केवल इस बात कि है कि प्रदूषण के कारकों की पहचान करके उसका निदान किया जाए। आज दिल्ली-एनसीआर का एक्यूआई 699 को भी पार कर चुका है। सांसें जहरीली होती जा रही हैं। हर घर में खांसी और आंख में जलन के मरीज हैं। हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिल्ली। सरकार ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेप-3 लागू कर दिया है। सभी सरकारी और निजी दफ्तरों को 50 फीसदी कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने को कह दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी हालातों में सुधार नहीं हो पा रहा है। हर साल होने वाली इस परेशानी के निदान के लिए रोड मैप बनाकर उसका सख्ती से पालन करने की जरूरत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे ही संकेत दिए हैं। अगर हम ऐसा कर पाए तो एक बार फिर से देश की राजधानी दिल्ली दिल वालों की कहलाएगी।



चिंतन
मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में मां के दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के दूध में यूरेनियम पाया जाना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है।

# हे राम! दूध भी सुरक्षित नहीं

सृष्टि की शुरुआत से यह माना जाता है कि मां का दूध नवजात बच्चों के लिए अमृत समान है, क्योंकि इसमें प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है, जो उन्हें संक्रमण के प्रभाव से बचाता है। जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं कि चिकित्सकों की राय के अनुसार नवजात मां का दूध शिशु के जीवन के लिए न सिर्फ पहली ढाल होता है, बल्कि रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। साथ ही मस्तिष्क के विकास में सहयोगी और प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की प्राकृतिक शक्ति प्रदान करता है, लेकिन सोचिए, अगर वही दूध किसी जहर के साथ मिलकर बच्चे तक पहुंचे, तो कितना खतरनाक हो सकता है। यह विचार ही किसी भी माता-पिता या समाज को हिलाने के लिए काफी है।

हाल ही में सामने आए एक अध्ययन ने पूरे देश को चौंका दिया है, जिससे पता चलता है कि मां का दूध ही बच्चे के लिए जहर बनता जा रहा है। एक अध्ययन के अनुसार बिहार में स्तन दूध के नमूनों में यूरेनियम की मौजूदगी पाई गई है। इस अध्ययन ने देशभर में चिंता की लहर पैदा कर दी है। पटना स्थित महावीर कैंसर संस्थान द्वारा की गई एक रिसर्च में बिहार की महिलाओं के स्तन दूध में यूरेनियम मिलना जितना गंभीर है, उतना ही चिंताजनक भी, क्योंकि यह सीधे-सीधे नवजात बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। यह अध्ययन अक्टूबर 2021 से जुलाई 2024 के बीच बेगूसराय, भोजपुर, समस्तीपुर, खगड़िया, कटिहार और नालंदा जिलों में 17 से 35 वर्ष की 40 महिलाओं पर किया गया। जांच में पाया गया कि सभी नमूनों में यूरेनियम (यू-238) मौजूद था। यह मात्रा 5.25 जी/एल तक दर्ज की गई। ब्रिटिश जर्नल 'साइंटिफिक रिपोर्टस' में प्रकाशित इस शोध में कहा गया है कि ब्रेस्ट मिल्क के नमूनों में 5 पीपीवी (प्रति अरब भाग) तक यूरेनियम पाया गया। यूरेनियम एक रेडियोधर्मी तत्व है, जो लंबे समय तक शरीर में रहने पर किडनी, हड्डियों और कोशिकाओं को प्रभावित कर सकता है। स्टडी में स्पष्ट किया गया है कि इस स्तर का तत्काल प्रभाव कम हो सकता है, परंतु शिशु यूरेनियम के एक्सपोजर के प्रति वयस्कों की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर में डिटॉक्सिफिकेशन क्षमता सीमित होती है, जिससे कोई भी रेडियोधर्मी तत्व अधिक तेजी से नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि इस रिसर्च में बताया गया है कि 40 माताओं के दूध में यूरेनियम मिला, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका स्तर अनुमेय सीमा से नीचे था। लगभग 70 प्रतिशत शिशुओं में संभावित गैर-कार्सिनोजेनिक जोखिम देखा गया, पर इसका वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव कम होने की संभावना है। इसके बावजूद, यह तथ्य कि सभी महिलाओं के दूध में यूरेनियम मौजूद है, अपने आप में एक गंभीर चेतावनी है। परमाणु वैज्ञानिक और एनडीएमए के सदस्य डॉ. दिनेश के. असवाल का कहना है कि इसमें डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पाया गया स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सुरक्षित सीमा से छह गुना कम है। डब्ल्यूएचओ पीने के पानी में यूरेनियम की सुरक्षित सीमा 30 पीपीबी तक मानता है, जबकि बिहार के नमूनों में सिर्फ 5 पीपीबी पाया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं के शरीर में गया अधिकांश यूरेनियम मूत्र के जरिए बाहर निकल जाता है, और स्तन के दूध में इसकी मात्रा बहुत कम होती है।



लेकिन यहां बड़ा सवाल यह नहीं कि स्तर सुरक्षित सीमा से कम है या ज्यादा। असली चिंता यह है कि आखिर महिलाओं के दूध में यूरेनियम पहुंच क्यों रहा है? यह संकेत है कि भूजल में यूरेनियम की उपस्थिति लगातार चढ़ रही है। शोध में बताया गया है कि भारत के लगभग 151 जिलों और 18 राज्यों में भूजल यूरेनियम प्रदूषण पाया जा चुका है। यह आंकड़ा सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए खतरे की घंटी है। एक और महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि शिशु अपने शरीर से यूरेनियम को तुरंत बाहर नहीं निकाल पाते, इसलिए वे अपनी माताओं की तुलना में अधिक संवेदनशील होते हैं। उनका शरीर विकसित हो रहा होता है और किसी भी रेडियोधर्मी तत्व का असर उन पर अधिक तेजी से पड़ सकता है। बच्चों पर यूरेनियम का असर सबसे खतरनाक इसलिए भी होता है, क्योंकि उनके शरीर में हेवी मेटल्स को बाहर निकालने की क्षमता बेहद कम होती है। इसके कारण किडनी का विकास प्रभावित हो सकता है, न्यूरोलॉजिकल विकास रुक सकता है, आईक्यू कम हो सकता है और मानसिक स्वास्थ्य पर भी दीर्घकालिक असर पड़ सकता है। यह सिर्फ स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता और राष्ट्रीय विकास से जुड़ा सवाल है। इस स्थिति पर सरकार और समाज दोनों को गंभीरतापूर्वक सोचना होगा। अगर भूजल में भारी धातुओं और रेडियोधर्मी पदार्थों का स्तर बढ़ रहा है, तो इसका असर सिर्फ दूध पर नहीं, बल्कि पेयजल, फसलों और पूरे खाद्य चक्र पर भी पड़ेगा।

असली समाधान भूजल की गुणवत्ता सुधारने, जलस्त्रोतों के परीक्षण को मजबूत करने और प्रदूषण के स्त्रोतों का पता लगाने से होगा। सरकार को चाहिए कि तत्काल उन इलाकों में पानी की जांच शुरू कराए जहां से नमूने लिए, गए थे। पानी शुद्धिकरण की योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को माताओं और बच्चों की नियमित जांच करानी चाहिए। साथ ही, वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों को मिलकर यह समझना होगा कि भूजल में यूरेनियम आखिर क्यों बढ़ रहा है, क्या यह प्राकृतिक कारण हैं, औद्योगिक प्रदूषण है, या किसी और बजह से मिट्टी और पानी में बदलाव हो रहा है? इस समस्या को हल्के में लेना भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय होगा। यह सिर्फ एक शोध नहीं, बल्कि चेतावनी है कि हमारा पर्यावरण धीरे-धीरे प्रदूषण के ऐसे स्तर तक पहुंच रहा है जो मानव स्वास्थ्य के लिए घातक हो सकता है। बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इसलिए सरकारों को तुरंत कदम उठाने होंगे। स्तनपान आज भी शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है और इसे किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन साथ ही, यह भी जरूरी है कि महिलाएं जिस वातावरण में रहती हैं, यह सुरक्षित हो। पानी, हवा और मिट्टी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना किसी भी समाज का सबसे बड़ा कर्तव्य है। देखा जाए तो यह अध्ययन देश के स्वास्थ्य ढांचे को आईना दिखाता है। यह बताता है कि पर्यावरण संकट सबसे पहले और सबसे ज्यादा बच्चों को प्रभावित है। आज अगर बिहार के 40 नमूनों में यूरेनियम पाया गया है, तो कल यह संख्या बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर अमेरिका, कनाडा और चीन जैसे देशों के भूजल में यूरेनियम मिलने की खबरें आती रही हैं, लेकिन बिहार में इसका ब्रेस्ट मिल्क में पाया जाना समस्या को एक नए और गंभीर स्तर पर ले जाता है। हालांकि, इन चौंकाने वाले नतीजों के बावजूद शोधकर्ताओं ने माताओं को सलाह दी है कि वे स्तनपान कराना बंद न करें, क्योंकि मां का दूध शिशुओं के लिए पोषण का सबसे सर्वोत्तम स्त्रोत है, लेकिन सरकार को इसके स्त्रोतों का पता लगाकर जल्द रोकथाम करनी होगी। ताकि मां का दूध अमृत बना रहे।

हालात
ऋतुपर्ण दवे



# युवाओं पर कसता जा रहा डिजिटल लत का शिकंजा

आज दुनियाभर में सबसे ज्यादा चिंता का विषय बच्चों को बढ़ती डिजिटल लत से बचाना है। वैसे यह वह मानसिक बीमारी है जो आहिस्ता-आहिस्ता लोगों को मानिसक रूप से जकड़ रही है। लोग खुद पर नियंत्रण खोते जा रहे हैं। आने वाले दिनों में इसको लेकर बद से बदतर हालात दिखने लगेंगे। दरअसल, मोबाइल फोन वह नशा बनता जा रहा है, जिसके आगे बड़े से बड़ा नशा काफूर हो रहा है। परेशान करने वाली सच्चाई यह है कि 3 से 12 साल की उम्र के बच्चे सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जो उम्र उनके दिमाग के तेजी से विकास की है उसमें ज्यादा वक्त स्क्रीन पर बिताकर सामाजिक गतिविधियों, खेल-कूद व रचनात्मक सोच से बच्चे दूर हो जाते हैं। सभी ने बच्चों के बदलते व्यव्हार को भांपा है। आखिर इसका समाधान क्या होगा? शुकून की बात यह है कि कुछ देश आगे बढ़कर पहल कर रहे हैं। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने और साइबर बुलिंग व दूसरे अपराधों से बचाने के लिए अपनी-अपनी तरह से कुछ सरकारों की पहल अच्छी है। इस पर अलग-अलग देशों में कानून भी अलग हैं। फ्रान्स में 200 स्कूलों में स्मार्टफोन पर पाबंदी लगाने के बाद आई सफलता के 'डिजिटल ब्रेक' प्रयोग से छात्र और स्कूल स्टाफ, दोनों ही संतुष्ट हैं। नार्वे और स्पेन में बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट खातिर डेटा प्रोटेक्शन सहमति की उम्र पहले क्रमशः 13,14 थी, जिसे बढ़ाकर 16 कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया ने स्कूल, क्लासरूम में फोन प्रतिबंधित करने वाला कानून बना दिया। इसी साल 26 अगस्त को 163 में 115 सांसदों की मुहर से लागू कानून मार्च 2026 से लागू होगा, ताकि बच्चों की पढ़ाई,उनके सामाजिक मेल-जोल और बर्ताव में सुधार आ सके। फिनलैंड में छोटे बच्चों के लिए मोबाइल प्रतिबंधित है तो इटली, नीदरलैंड्स में कक्षाओं में मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्टवॉच पर रोक है तो चीन में, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी बिना अभिभावक लिखित इजाजत स्कूल में फोन नहीं ले जा सकते, जबकि डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इसी 8 अक्टूबर को संसद में कहा कि वहां 15 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि हमने एक राक्षस को जन्म दिया है जो मोबाइल के रूप में हमारे बच्चों का बचपन छीन रहा है। जर्मनी में 16 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया उपयोग के लिए अभिभावक की अनुमति जरूरी होगी। यूरोपियन यूनियन स्तर पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन कहता है कि सदस्य देश प्लेटफॉर्म के लिए यूजर की सहमति की कम से कम उम्र तय कर सकते हैं, बशर्ते वह 13 साल से ज्यादा हो। जबकि ईरान कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स या तो प्रतिबंधित हैं या उन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है। म्यांमार और उत्तर कोरिया में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर लगभग पूर्ण प्रतिबंध है और सरकारी नियंत्रण वाले प्लेटफॉर्म ही वहां हैं। रूस और तुर्किए में विशेष परिस्थितियों जैसे राजनीतिक विरोध या अशांति में सोशल मीडिया बैन लगते हैं। डेनमार्क पहले ही स्कूलों में मोबाइल पर बैन लगा चुका है और अब सोशल मीडिया पर भी बच्चों के लिए सख्त प्रतिबंध और सर्विस प्रोवाइडर पर भारी भरकम जुर्माने की योजना बना रहा है।

बीते नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन का बिल संसद पक्ष और विपक्ष दोनों की सहमित से पारित हुआ। वहां के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया को टेंशन बढ़ाने वाला, ठगों और ऑनलाइन अपराधियों का हथियार बताया था। ऑस्ट्रेलिया ऐसा बिल पारित करने वाला दुनिया का पहला देश भी बना। बिल के अनुसार एक्स, टिकटॉक, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म बच्चों को अकाउंट रखने से रोकने में नाकाम रहते हैं, तो उन पर 275 करोड़ रुपए (32.5 मिलियन डॉलर) जुर्माना लग सकता है। रोक की मंशा यह है कि आस्ट्रेलियाई युवक फोन छोड़कर फुटबॉल, क्रिकेट और टेनिस खेलें।ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर, ब्रिटिश सरकार भी 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन पर विचार कर रही है।

## अहंकार ही अज्ञान है



संकलित
दर्शन

सूर्य वैसे तो सारे संसार को प्रकाश और ताप देता है, पर यदि वह मेघ से आच्छन्न हो जाए तो ऐसा नहीं कर पाता। इसी भांति जब तक हृदय अहंकार के आवरण से आच्छादित रहता है, तब तक उसमें भगवान प्रकाशित नहीं हो पाते। यह अहं मेघ की तरह है। इसी के कारण हम ईश्वर को नहीं देख पाते। यदि श्रीगुरु की कृपा से अहं-बुद्धि दूर हो जाए तो फिर ईश्वर के पूर्ण दर्शन हो जाते हैं। जैसे, सिर्फ ढाई हाथ की दूरी पर ही साक्षात पूर्णब्रह्म श्रीरामचंद्र जी हैं, किंतु बीच में सीता रूपिणी माया का आवरण होने के कारण लक्ष्मण जी रूपी जीव को ईश्वर राम के दर्शन नहीं होते। जीव का अहंकार ही माया है। यही अहंकार सब आवरण का मूल है। मैं के मरने पर ही सारा जंजाल दूर होगा। अगर किसी को ईश्वर की कृपा से मैं कर्ता नहीं हूं- यह ज्ञान हो जाए, तब तो वह जीवनमुक्त ही हो गया। फिर उसे किसी बात का भय नहीं। अगर मैं अपने को इस अंगोछे की ओट में कर लूं तो तुम मुझे नहीं देख सकते, पर मैं तुम्हारे बिल्कुल नजदीक ही हूं। इसी भांति और सभी चीजों की अपेक्षा ईश्वर ही तुम्हारे सबसे ज्यादा निकट है, किंतु अहं रूपी आवरण के कारण तुम उनके दर्शन नहीं कर सकते। जब तक अहंकार रहता है, तब तक न ज्ञान होता है, न मुक्ति मिलती है। हांडी में रखे पानी और चावल, दाल, आलू आदि को तब तक छुआ जा सकता है, जब तक हांडी आग पर नहीं रखी जाती। जीव की देह मानो हांडी है और धन, मान, विद्या, बुद्धि, जाति, कुल आदि मानों दाल, चावल, आलू की तरह हैं। अहंकार ही आग है, जिसके कारण ही जीव गरम (गर्वीला) होता है।

## मंत्र का असर



संकलित
प्रेरणा

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई,'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।'साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## फ्लावर शो



बेंगलुरु में गुरुवार को कब्बन पार्क फ्लावर शो 2025 के दौरान सब्जियों से बना एक हाथी दिखाया गया।

## आज की पाती

### अन्याय कभी भी सहन मत करो

यदि आज हम किसी अन्य के साथ हो रहे अन्याय का विरोध नहीं करते, तो यकीन मानिए एक दिन हम स्वयं भी उसी अन्याय का शिकार अवश्य ही होंगे। यही समय है, यही पल, यही क्षण है। ये इंतजार कभी भी नहीं कीजिए, कि केवल हमारे ही साथ कहीं कभी अन्याय होगा, तभी हम किसी सड़ी हुई विकृत व्यवस्था का विरोध करेंगे। फिर उस वक्त व्यर्थ के रुदन, रोने-धोने से कोई लाभ, कोई सकारात्मक प्राप्ति होना अत्यंत ही कठिन या संभवतः असंभव हो सकता है। एक बहुत प्रसिद्ध उक्ति है कि न्याय में देरी, लगभग अन्याय के ही बराबर है। देश, समाज, दुनिया में कहीं एक जगह, किसी एक के साथ हो रहा अन्याय, हर जगह अन्याय होना भी माना जा सकता है। आम तौर पर लोग अन्याय का विरोध नहीं करते हैं, जिसके परिणाम भयंकर होते हैं।

*- प्रवीण पांडे, धमतरी*

## करंट अफेयर

### फ्रांस में नई स्वैच्छिक सैन्य सेवा की घोषणा करेंगे मैक्रों

यूरोपीय राष्ट्रों के लिए रूस के बढ़ते खतरे को देखते हुए फ्रांस ने अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने का फैसला किया है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बृहस्पतिवार को नयी राष्ट्रीय स्वैच्छिक सैन्य सेवा योजना की घोषणा करेंगे। मैक्रों के फ्रांसीसी आल्प्स में वार्स सैन्य अड्डे पर जाने से पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह 'बढ़ते खतरों के लिए राष्ट्र को तैयार करने की आवश्यकता' पर जोर देंगे। इस साल की शुरुआत में मैक्रों ने फ्रांसीसी युवाओं को स्वेच्छा से सैन्य सेवा में शामिल होने का एक नया विकल्प देने की मंशा जाहिर की थी। उल्लेखनीय है कि फ्रांस 1996 में अनिवार्य सैन्य भर्ती को समाप्त कर चुका है



## ऑफ बीट

### कुत्ते खाना और खिलौने कैशिंग के लिए छुपाते हैं

क्या आपने कभी किसी कुत्ते को कंबल के नीचे, सोफे के पीछे, या घर के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे में अपना पसंदीदा खाना छुपाते हुए देखा है? आपको लग सकता है कि वे किसी ऐसे व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे होते हैं, जो प्रलय आने की आशंका से डरा हुआ हो, लेकिन कुत्ते आसन्न आपदा की चिंता में अपना खाना जमा नहीं कर रहे हैं। वे यह बता रहे हैं कि कैसे उनका विकासवादी अतीत आज भी आधुनिक व्यवहारों को आकार दे रहा है। यह दूरदर्शी रणनीति हमें एक अनोखी झलक देती है कि हम उन्हें अच्छी तरह जीने में कैसे मदद कर सकते हैं। कुत्ते भोजन, सामान और खिलौने क्यों छिपाते हैं



## X ट्रेंड

### उत्कृष्ट परिणाम

टोक्यो में आयोजित 25वें डेफलंपिक्स 2025 में 9 स्वर्ण पदकों सहित 20 पदकों की ऐतिहासिक सर्वश्रेष्ठ पदक तालिका के साथ, हमारे एथलीटों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि दृढ़ संकल्प और समर्पण से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### शानदार फिल्म

सच्ची घटना पर आधारित '120 बहादुर' जैसी देशभक्ति की फिल्म हर सच्चे देशभक्त को देखनी भी चाहिए और दूसरों को देखने के लिए कहना भी चाहिए। जिससे नई पीढ़ी भी सैनिकों के बलिदान की गौरव गाथा से परिचित हो सके। अभिनेता से लेकर फिल्म से जुड़े हर पक्ष का काम सराहनीय है।

- अखिलेश यादव, सपा नेता



### कार्रवाई की ज़रूरत

निर्मम हत्या कर दिए गए दो राष्ट्रीय रक्षकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। हमारी चरमराई व्यवस्था को सुधारने के लिए कितने निर्दोष लोगों की जान लेनी पड़ेगी? कठोर कार्रवाई की जरूरत है।

- एलन मास्क, उद्योगपति

### मेरे लिए बहुत कुछ

वह मेरे लिए बहुत कुछ थे। एक प्यारे पति, हमारी दोनों बेटियों, ईशा और अहाना, के लाड़ले पिता, दोस्त, दार्शनिक, मार्गदर्शक, कवि, हर मुश्किल घड़ी में मेरे लिए सबसे मददगार - दरअसल, वह मेरे लिए सब कुछ थे! हमेशा अच्छे-बुरे समय में मेरे साथ रहे।

- हेमा मालिनी, अभिनेत्री

## संक्षेप

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। लालगंज नेशनल हाईवे पर लाल कुआं ओवर ब्रिज के पास चार पहिया वाहन व मोटरसाइकिल की जबरदस्त टक्कर में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल गया जिसे परिजनो ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर युवक की इलाज के मौत हो गई कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के शिव शंकर की पत्नी मंजू कुरील ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि मैं गदन खेड़ा बाईपास थाना कोतवाली उन्नाव की रहने वाली हूं बीते 26 अक्टुबर को दिन मेरे पति मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे पर लाल कुआं ओवर ब्रिज के पास चार पहिया वाहन ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे पति शिव शंकर के सर व हाथ जबड़े में गंभीर चोट आई लगभग 25 दिन इलाज रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर नगर में चल रहा था जहां इलाज के दौरान मेरे पति की मौत हो गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी।

### भूमि फजीवाड़े में पेशकार निलंबित

सुलतानपुर, लंभुआ तहसील में भूमि के श्रेणी परिवर्तन में फजीवाड़े का एक मामला सामने आया है। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने इस पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार के पेशकार को निलंबित करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। एसडीएम के आदेश पर उनके रीडर ने आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर और पेशकार के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह कार्रवाई एसडीएम लम्भुआ की रिपोर्ट के आधार पर की गई है, जिसमें पेशकार शरद कुमार की संलिप्तता पाई गई। पेशकार ने कंप्यूटर ऑपरेटर की मदद से अपने गांव बभनगवां की बंजर और नवीन परती भूमि के दो भूखंडों की श्रेणी बदलने के लिए एसडीएम की अदालत में एक वाद दायर किया था।

# ग्रामीणों से संवाद कर विशेष प्रगाण पुनरीक्षण के लिए जागरूक कर रही मोनालिसा जौहरी

## समय से प्रपत्र जमा जमा करने की मतदाताओं से की अपील

### बूथ बूथ घूमकर बीएलओ के कार्यों का रही पर्यवेक्षण

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को प्रभावी बनाने के लिए उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने शनिवार को दर्जनों गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों/मतदाताओं से सीधा संवाद करते हुए समय से प्रपत्र जमा करने की अपील की। संवाद के दौरान एसडीएम ने एस.आई.आर. के सम्बन्ध में मतदाताओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों स्पष्ट और सटीक जवाब देकर उनकी शंकाओं का समाधान करते हुए कहा कि कहा कि अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें और भरे हुए प्रपत्र बूथ लेबिल अधिकारी को उपलब्ध करा दें। एसडीएम ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण मात्र कागजी प्रक्रिया भर नही हैं, बल्कि हर नागरिक की पहचान, अधिकार और सहभागिता को सुरक्षित रखने की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे समाज के सहयोग से ही सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने मतदाताओं को बताया कि इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित, अद्यतन और पारदर्शी बनाना है, जिससे कोई पात्र नागरिक छूटनें न पाएं और किसी मृत व्यक्ति का नाम सूची न रहने पाये। एसडीएम ने कहा कि एसआईआर अभियान आने वाले चुनावों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता का आधार है। तहसील प्रशासन दृढ संकल्पित है कि इस अभियान में किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने पाये। ग्रामीणों से संवाद के दौरान उन्होंने बीएलओ की कारगुजारी का भी फीड बैक भी प्राप्त किया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक वितरण से लेकर गणना पत्रक जमा होने तक की प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार का कोई भी कागज नहीं लिया जा रहा है। जिनके पूर्वजों के नाम 2003 की सूची में उपलब्ध हैं, उनसे कोई अतिरिक्त दस्तावेज अपेक्षित नहीं होंगे, जबकि जिनका नाम 2003 की सूची में नहीं मिलता फिर भी वह फॉर्म भरकर अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर दे। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देश पर प्रत्येक बीएलओ अपने बूथ के घर-घर जाकर 04 दिसम्बर 2025 तक गणना प्रपत्र भरने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सभी से इस अभियान में बूथ लेबिल अधिकारियों को सहयोग करने की अपील की।

# टीईटी अनिवार्यता पर पुनर्विचार की मांग, महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

### वर्षों से सेवारत शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए, इस हेतु केंद्र सरकार पारित करे प्रस्ताव

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बहराइच जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को बहराइच सांसद बहराइच डा. आनन्द कुमार गोंड को सम्बोधित ज्ञापन कार्यालय प्रभारी बैजनाथ रस्तोगी को 1 सितंबर 2025 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए सेवारत शिक्षकों को टेट अनिवार्यता पर विधायी हस्तक्षेप एवं आवश्यक संशोधन किए जाने हेतु दिया गया। दूरभाष पर जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र से वार्ता के क्रम में सांसद डा आनन्द कुमार गोंड ने कहा कि, उपरोक्त प्रकरण को यशस्वी प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री व केंद्रीय कैबिनेट के समक्ष रखकर देश के सभी शिक्षकों को टेट अनिवार्यता से मुक्त रखने हेतु पूरा प्रयास किया जाएगा। जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र ने बताया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील संख्या 1385 / 2025 में निर्णय देते हुए कहा 1-8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्त वर्ष चाहे जो भी हो टेट अहर्ता अनिवार्य कर दिया गया है, शिक्षकों की जब नियुक्ति हुई थी तो उस समय की सभी अर्हता पूरी करते थे। कई वर्षों बाद आए टेट की अहर्ता को पूर्ववर्ती रूप से लागू किया जाना उचित नहीं है, भविष्यलक्षी रूप से लागू होना चाहिए इस निर्णय से प्रदेश सहित देश के लाखों शिक्षकों की सेवा, सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर गंभीर संकट उत्पन्न कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज कुमार वर्मा, जिला महामंत्री उमेश त्रिपाठी, विनोद कुमार त्रिपाठी, शिव शंकर पाठक, धनंजय कुमार पांडेय, रूपाली शरण श्रीवास्तव, प्रतिमा पांडेय, अमिताभ श्रीवास्तव, मिथिलेश मिश्र, मनोज गुप्ता, संजीव कुमार मिश्र, सौरभ मिश्र, अमित तिवारी, रवि प्रकाश शर्मा, हिमांशु शुक्ला, शेखर पवार, राजकुमार सिंह आदि उपस्थिति रहे।

# 28 शीशी कोडिन युक्त सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रुपईडीहा पुलिस ने एक युवक को 28 शीशी कोडिन युक्त कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण, उप निरीक्षक शेखर प्रसाद साहनी तथा हमराही पुलिस बल के साथ पुलिस टीम ने यह सफलता प्राप्त की। पुलिस के अनुसार, कस्बा रुपईडीहा में पिज्जा खालो गली के आगे पतंजलि गली स्थित एक दुकान के पास से अभियुक्त नीरज कुमार दीक्षित पुत्र रामाकान्त दीक्षित, निवासी ग्राम सरैया, थाना ईसानगर, जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अठफए कफ सिरप (कोडिन युक्त) की कुल 28 शीशियां बरामद की गईं, जिनमें 100 एमएल की शीशियां शामिल हैं। बरामद सिरप का कुल भार लगभग 3.885 किलोग्राम बताया गया है। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रुपईडीहा पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के पश्चात पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर, बहराइच भेज दिया गया है।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

### बीएलओ व मतदाता के बीच सेतु की भूमिका का निर्वहन करे बीएलए

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-283 नानपारा से संचालित विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण अभियान अन्तर्गत संचालित गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए बूथवार प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की जानकारी प्रदान की गई। श्रीमती जौहरी ने राजनैतिक दलों से अपेक्षा की कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में बूथ लेबिल एजेन्टों प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के लिए जागरूक करें ताकि नो मैपिंग व अनकलेक्टिव मतदाताओं तक बूथ लेकिल अधिकारियों की पहुंच आसान हो सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ व मतदाता के बीच बीएलए द्वारा सेतु की भूमिका निर्वहन करने से शत-प्रतिशत मतदाताओं का प्रपत्र भरवाने में आसानी होगी। श्रीमती जौहरी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्गत संशोधित समयसारिण के अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। एसडीएम ने राजनैतिक दलों से कहा कि जिन बूथों पर बीएलए नियुक्त नहीं है वहां पर भी बीएलए को नामित करते हुए उन्हें शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा कराने हेतु बीएलओ को सक्रिय सहयोग देने हेतु निर्देशित कर दिया जाय। उन्होंने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग भी मतदाताओं को इस बात के लिए प्रेरित करें कि अन्तिम तिथि का इन्तजार किये बगैर अपने प्रपत्र जल्द से जल्द भर कर बीएलओ को सौंप दें। बैठक के माध्यम से श्रीमती जौहरी ने सभी नगर व ग्रामवासियों से अपील की कि स्वयं तथा अपने परिवार के गणना प्रपत्र भर कर बीएलओ को उपलब्ध कराने के साथ-साथ मतदाताओं विशेषकर नो मैपिंग व अनकलेक्टिव मतदाता तक पहुंचने में बीएलओ को सहयोग कर इस राष्ट्रीय अभियान में अपना सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर बीएलओ को तैनात किया गया है। ऐसे कहा कि यदि किसी मतदाता द्वारा अभी तक गणना प्रपत्र बीएलओ को नहीं दिया गया है, अथवा उन्हें प्रपत्र नहीं प्राप्त हुआ है या गुत हो गया है तो ऐसे मतदाता पूर्वान्ह 10:00 बजे अपने बूथ पर पहुंचकर प्रपत्र जमा कर सकते है या समस्या का समाधान करा सकते हैं। इस अवसर पर भाजपा से रेखा पाण्डेय, आशीष पाण्डेय व अनिल पाण्डेय, समाजवादी पार्टी से अयोध्या प्रसाद सोनी, बसपा से देशराज सोनकर, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से सलमान कुरेशी, तहसीलदार नानपारा सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

# जिले में स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की हुई जांच, तीस का हुआ चालान

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल/संतोष मिश्रा



बहराइच। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के दृष्टिगत यातायात पुलिस द्वारा लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है। शासन के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु की संख्या में 50 फीसदी की कमी लाए जाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस बहराइच द्वारा जनपद में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में लखनऊ-बहराइच राजमार्ग पर तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान स्पीड राडार यंत्र द्वारा वाहनों की गति की जाँच की गई। निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाते पाए गए। कुल 30 वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार चालान की कार्यवाही की गई तथा उन पर निर्धारित अर्थदंड अधिरोपित किया गया। यातायात पुलिस बहराइच आमजन से पुनः अपील भी की गयी कि वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा एवं यातायात नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है तथा नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# पति-पत्नी के 12 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। जय प्रकाश सिंह पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद के सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया तथा परिवार परामर्श केन्द्र व महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 05, थाना सोहरामऊ से 03, थाना बेहटामुजावर से 02, थाना बारासगवर, थाना पुरवा से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में पुलिस टीम में रेखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना, संतोष कुमारी प्रभारी महिला हेल्प डेस्क कमलेश कुमारी, सुहावना, पूजा, दीपा, शकुंतला सीता, पूजा चौधरी एवं डा0 आशीष श्रीवास्तव एवं अन्य सलाहकारों का विशेष योगदान रहा।

# कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

### गति सीमा जागरूकता बोर्ड का किया नवीनीकरण




अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच। रविवार को कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब की ओर से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में वन्य जीवों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाये रखने के लिए एक दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। ककरहा रेंज के हसुलिया वन बैरियर पर पूर्व में लगाए गए गति सीमा बोर्ड का नवीनीकरण किया गया। ककरहा रेंज के हसुलिया वन बैरियर पर जंगल से गुजर रही गाड़ियों के चालकों को पम्पलेट व बिस्कुट के पैकेट देकर वन विभाग द्वारा निर्धारित गति सीमा 30 किलोमीटर प्रति घंटा से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर क्लब सचिव राजीव श्रीवास्तव, मो आसिफ, सत्यम रावत व वनकर्मी मौजूद रहे।

# एंबुलेंस की ठोकर से बाइक सवार की मौत

अमन लेखनी समाचार




फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र के पहलवान बाबा के पास तेज रफ्तार एंबुलेंस बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। एसओ संजीव चौहान ने बताया सुबह करीब 10 बजे बौंडी थाना क्षेत्र के बाइक सवार भौंरी निवासी विकास गुप्ता उम्र करीब 22 वर्ष को पहलवान बाबा मंदिर फखरपुर के पास एम्बुलेंस ने ठोकर मार दिया। विकास गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल उपचार के लिए सीएचसी फखरपुर लाया गया जहां उपचार के दौरान विकास गुप्ता की मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेजा गया है। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कोदही में परशुराम सेना की मासिक बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बौंडी थाना क्षेत्र के कोदही के पंडितपुरवा में रविवार को परशुराम सेना प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पंडित महेंद्र तिवारी रहें। पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष पंडित महेंद्र तिवारी को माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज में शिक्षा, संस्कार और संगठन की भावना को सशक्त बनाने के लिए परशुराम सेना निरंतर कार्य करती है और करती रहेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने संगठन की आगामी योजनाओं पर चर्चा करते हुए ब्राह्मणों को एकजुटता एवं समर्पण का संकल्प लिया। परशुराम सेना में दस नवनियुक्त सदस्यों को सदस्यता दिलाई गई है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंडित भानू पाण्डेय, दिलीप मिश्रा, चन्द्रभूषण द्विवेदी, विश्वरूप मिश्रा, आशीष चतुर्वेदी, मोहित मिश्रा, कौशल पांडेय, रविनंदन द्विवेदी अधिवक्ता, आदर्श त्रिवेदी, पंकज मिश्रा, स्नेह शुक्ला, अमरेश अवस्थी, मोहित मिश्रा, नीरज पाठक, नीरज शुक्ला समेत पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



# भारी छूट के साथ बकाया बिजली बिल जमा करने का उपभोक्ताओं को मिला अवसर

### एमवीवीएनएल की विद्युत बिल राहत योजना 2025-26 लागू

अमन लेखनी समाचार



रुपईडीहा, बहराइच। बकाया विद्युत बिल से परेशान उपभोक्ताओं के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) ने विद्युत बिल राहत योजना 2025-26 लागू कर दी है। इस योजना के तहत घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को ब्याज समेत मूलधन पर भी आकर्षक छूट दी जाएगी। अधिशासी अभियंता सहाबा शंभू दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का लाभ उन उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनका 31 मार्च 2025 से पहले का बकाया है। योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ता (2 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक उपभोक्ता (1 किलोवाट भार तक) शामिल हैं।

#### योजना के चरणवार लाभ

प्रथम चरण (1 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025) बकाया बिल जमा करने पर 100% ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25% की छूट। द्वितीय चरण (1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026) 100% ब्याज माफी तथा मूलधन में 20% की छूट। इसी तरह तृतीय चरण (1 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026) 100% ब्याज माफी के साथ मूलधन में 15% की छूट। अधिशासी अभियंता ने यह भी बताया कि बिजली चोरी के मामलों में भी राहत का विशेष प्रावधान है। एकमुश्त भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को अतिरिक्त छूट मिल सकती है, वहीं आर्थिक कठिनाई वाले उपभोक्ता आसान किस्तों में भी भुगतान कर सकेंगे।

#### पंजीकरण विवरण

योजना के लिए पंजीकरण 1 दिसंबर 2025 से शुरू होगा। पंजीकरण शुल्क मात्र ?2000 निर्धारित किया गया है। एमवीवीएनएल ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने बकाया बिल समय से जमा करें और भविष्य की असुविधाओं से बचें।

# जयमाल के बाद दुल्हन हुई प्रेमी के साथ फरार, बिना दुल्हन के वापस गई बारात

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। धूमधाम से बारात आई ढोल बाजे के साथ बारात का स्वागत किया और दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को जयमाल पहनाया जय माल के पड़ने जब दुल्हन कमरे में कपड़े बदलने गई इसी दौरान प्रेमी का फोन आ गया फोन पर बात करने के बाद दुल्हन अपने प्रेमी के साथ गायब हो गई काफी खोजबीन के बाद जब दुल्हन नहीं मिली तो निराश मन से दूल्हा और बारात बिना दुल्हन के वापस चली गई। पीड़ित पिता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया। कोतवाली के गांव अजयपुर निवासी परिवतिर्त नाम प्रकाश की बेटी परिवतिर्त नाम शमा की शनिवार को शादी थी। बारात क्षेत्र के ही गांव भादिन से बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे डीजे के साथ आई थी। बारात की सारी प्रक्रिया चल रही थी। जनातियो ने बड़े ही धूमधाम से बारातियों का स्वागत किया और तमाम तरह के पकवान खिलाएं और दूसरी तरफ जयमाल कार्यक्रम चल रहा था जहां पर दूल्हा दुल्हन ने बड़े ही खुशी से एक दूसरे को जयमाल पहनाया जयमाल की रश्म खत्म होने के बाद दुल्हन अपने कमरे में चली गई। जबकि दूल्हा खाना खाना पीना खाकर बारातियों के साथ जनवाशे आ गया और अपने कार्य में लग गया। इसी बीच रविवार भोर पहर भवरी की रश्म अदायगी का समय आया तो दुल्हन को कमरे से लेने के लिए घर वाले पहुंचे तो दुल्हन गायब थी। परिजनों ने खोजबीन की तो पता चला गांव का ही एक युवक दुल्हन को अपने साथ भगा ले जाने की जानकारी हुई। जिसपर पिता प्रकाश ने फोन से उक्त युवक से बात की तो पुत्री के साथ होने की जानकारी दी गई। फोन पर पुत्री से बात करने पर बताया गया कि वह उक्त युवक के साथ ही रहेगी और घर वापस नहीं आएगी। जिसके बाद बारात बिना दुल्हन के ही वापस हो गई। पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

मजदूर पिता ने अपनी पुत्री की शादी धूमधाम से करने के लिए डेढ़ माह पूर्व तीन बिस्वा जमीन 8 लाख रुपये की बेची थी जिससे उसने पुत्री के लिए मोटरसाइकिल, फ्रिज, वाशिंग मशीन, बेड, सोफा, सोने की चेन जैसी तमाम चीजे खरीदी थी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 83 जोड़ो ने थामा एक दूसरे का हाथ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कुल 83 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिनमें 81 हिंदू और 2 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से की। मंच पर आचार्य रमेश ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हिंदू जोड़ों का विवाह कराया, जबकि मौलवी ने मुस्लिम जोड़ों का निकाह परंपरागत रीति से संपन्न करवाया। इस अवसर पर नवविवाहित दूल्हा-दुल्हन नए वस्त्रों में सजे हुए थे। उन्होंने एक-दूसरे का हाथ थामकर सुख-दुख में साथ निभाने की शपथ ली। सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया और उनके सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने सरकार की इस योजना को गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। अधिकारियों की मौजूदगी में सभी जोड़ों को उपहार और विवाह प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सफीपुर विकास खंड से 44, मियागंज से 26, नगर पंचायत ऊगू से 4, हैदराबाद से 5 और रसूलाबाद से 1 जोड़ा शामिल हुआ। सभी दूल्हा-दुल्हन मंच पर एक-एक कर वरमाला डालते हुए दिखाई दिए, और उनके परिजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की सरकार ने नवविवाहित बेटियों को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 60 हजार रुपये कर दी है। ब्लॉक परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, फूल-मालाओं और टेंट से सुसज्जित किया गया था। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने व्यवस्था की निगरानी की और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। समारोह में आए जोड़ों और उनके परिजनों के लिए प्रशासन की ओर से खाने-पीने की समुचित व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत छोटेलाल, सकुशल सिंह, सिद्धांत वर्मा विमल कुमार जयकांत, आशीष मिश्रा, आशीष शुक्ला, रणजीत सिंह, जगन्नाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य लोग मौजद रहे।

## संक्षेप

### प्रभारी मंत्री बोले मेडिकल की व्यवस्था से संतुष्ट नहीं

**औचक निरीक्षण में खामियों पर फटकार लगाई, जूनियर डॉक्टर की गलती मिले तो तत्काल कारवाई हो**

मेरठ, बृहस्पतिवार को प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने मेडिकल कॉलेज में बने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी, लैब, वार्डों में मरीजों की स्थिति के साथ प्राचार्य के कार्यालय की भी व्यवस्थाएं देखी। जिसमें जब उनको खामियां मिली तो उन्होंने प्राचार्य को भी तत्काल व्यवस्था बनाने में गंभीरता बरतने के निर्देश देते हुए फटकार लगाई। इमरजेंसी में भर्ती एक मरीज ने प्रभारी मंत्री से। इलाज में लापरवाही की शिकायत की , इसपर संज्ञान लेते हुए उन्होंने प्राचार्य को फटकार लगाते हुए कहा कि इस बात को सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अगर मरीज अस्पताल में भर्ती है तो आखिरी सांस तक उसको इलाज और हर बेहतर सुविधा देने का प्रयास कॉलेज का रहना चाहिए। प्रभारी मंत्री का निरीक्षण औचक होने के कारण इसकी किसी को जानकारी नहीं थी। जैसे ही वे अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल कर्मी उनके सामने ही झाड़ू लगाते दिखाई दिए तो कुछ जगह गंदगी ज्यों की त्यों ही पड़ी रही ।इसपर उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। यहां जो लोग आते है वो ठीक होने आते है न कि और अधिक संक्रमण यहां से लेने । प्रभारी मंत्री ने कहा कि यदि अब एक भी मामला यहां ऐसा आता है जिसमें डॉ द्वारा मरीज या तीमारदार से अब्दरता की गया या उसके इलाज में लापरवाही की जाती है तो ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तत्काल प्रभाव से करने का कार्य प्राचार्य द्वारा किया जाना चाहिए । यह कॉलेज पश्चिमी उत्तरप्रदेश का सबसे बड़ा कॉलेज है यहां से जो भी संदेश जाता है वह पूरे प्रदेश में जाता है और यहां की छवि को दशार्ता है। उन्होंने प्राचार्य को कहा कि अस्पताल में जो भी स्टाफ की कमी है उनका एक पत्र स्वास्थ्य मंत्री को भेजे और मैं भी उनसे बात करूंगा कि यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कर स्टाफ की कमी पूरी की जाए ताकि मरीजों को हर बेहतर सुविधा और इलाज अस्पताल में दिया जा सके।

### रंजिश में युवक का अपहरण

**शादी में शामिल होने गया था, स्कॉर्पियो से बदमाश आए, जबरन बिठाकर ले गए**

मेरठ, परतापुर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह से गढ़मुक्तेश्वर के युवक शुभम का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि कुछ युवक स्कॉर्पियो से आए। मैरिज होम से उसे जबरन बैठा कर अपने साथ ले गए। उनकी पहचान नहीं हो सकी है। परिजन ने गुरुवार को परतापुर थाने में तहरीर दी। हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर निवासी कौशल सिंह बताया कि उनका भतीजा शुभम अपनी बहन रजनी के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए मेरठ के परतापुर स्थित रजवाड़ा मैरिज होम आया था। कौशल सिंह के अनुसार, इसी दौरान कुछ संदिग्ध स्कॉर्पियो सवार लोगों ने उनके भतीजे शुभम का अपहरण कर लिया। जब बारात में शामिल अन्य लोगों से यह जानकारी मिली, तो उन्होंने शुभम को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित परिवार ने रात को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने शुभम और स्कॉर्पियो सवार संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है।

# कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध बिक्री का बड़ा खुलासा

**प्रयागराज में हेल्थकेयर फर्म ने बिना रिकॉर्ड 10 लाख बोतलें खरीदीं और बेचीं, एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, कोडीनयुक्त कफ सिरप की भारी मात्रा में अवैध खरीद-फरोख्त का बड़ा मामला सामने आया है। औषधि निरीक्षक मलाक चौधरी, मिजार्पुर चौहारी, तहसील सोरांव द्वारा की गई जांच के आधार पर एयरपोर्ट थाने में फर्म मेसर्स एम के हेल्थकेयर और उसके प्रोप्राइटर मो. सैफ पुत्र मो. अनीस के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। 15 अक्टूबर 2025 को सहायक आयुक्त (औषधि) कानपुर द्वारा भेजे गए निर्देश पर औषधि निरीक्षक ने फर्म का निरीक्षण किया। इस दौरान फर्म बंद मिली। प्रोप्राइटर सैफ ने फोन पर खुद




को दिल्ली में होना बताया और दो दिन में उपस्थित होकर जांच कराने की बात कही। अगले दिन उसके भाई फैजुर रहमान ने कुछ बिक्री अभिलेख निरीक्षक को सौंपे। जांच में सामने आया कि फर्म ने अग्रवाल एंड ब्रदर्स से 89600 सिरप खरीदा था। लेकिन इसके क्रय-विक्रय के पूरे रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए गए। इससे संदेह और गहरा हुआ। लखनऊ से प्राप्त एक्सेल शीट के आधार पर जब प्रदेशभर के रिकॉर्ड खंगाले गए, तो चौंकाने वाली जानकारी सामने आई। फर्म एम के हेल्थकेयर ने नया फेंसेडिल कफ सिरप की 967724 बोतलें विभिन्न तारीखों में खरीदी थीं। ये सभी कोडीनयुक्त नॉरकोटिक कैटेगरी की औषधियां हैं, जिनका बिना चिकित्सीय उपयोग भारी अपराध है। कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद फर्म ने न तो पिछले एक वर्ष का शिड्यूल्ड व नार्कोटिक औषधियों का रिकॉर्ड दिया, न ही फर्म का भौतिक सत्यापन कराया। स्थिति को गंभीर देखते हुए औषधि विभाग ने थोक औषधि बिक्री लाइसेंस, गोदाम लाइसेंस 20 नवंबर 2025 को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

# जेल से सपा ब्लॉक प्रमुख ने दिलवाई धमकी

**प्रयागराज में भाई–भतीजे ने वादी से कहा, केस वापस नहीं लिया तो भुगतोगे अंजाम, एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, नवाबगंज में जेल में बंद कौड़िहार के सपा ब्लॉक प्रमुख और कुख्यात गो-तस्कर गिरोह सरगना मो. मुजफ्फर ने मुकदमे में सुलह के लिए धमकी दिलवाई। अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे के वादी कुंदन कुमार सिंह पर भाई व भतीजे से धमकी दिलवाकर सुलह का दबाव बनवाया। दोनों ने यह भी कहा कि उनकी बात नहीं मानी तो अंजाम बुरा होगा। नवाबगंज के ग्राम फतुहपुर उपरहार निवासी कुंदन कुमार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि जेल में बंद मुजफ्फर ने अपने भाई मो. असलम और भतीजे मो. फैज को भेजकर उस पर हाईकोर्ट में जमानत के समर्थन में शपथ पत्र दिलवाने का दबाव बनवाया। 27 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे वह शहर से गांव लौट रहे थे। गांव से पहले रास्ते में मो. असलम व मो. फैज ने उनकी गाड़ी रोक ली। जबरन नीचे



उतारकर कहा कि मुजफ्फर की जमानत हाईकोर्ट में लगी है, इसलिए उसे पक्ष में शपथ पत्र देना पड़ेगा। बकौल वादी, उन्होंने इनकार किया तो धमकाने लगे। गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। कहा, आज ही शपथ पत्र देना है, नहीं दोगे तो अंजाम बहुत बुरा होगा। इसी दौरान पास-पड़ोस के लोग आते दिखाई दिए तो दोनों फरार हो गए। कुंदन सिंह ने बताया कि मो. फैज पर 16 और मो. असलम पर 30 मुकदमे दर्ज हैं। दोनों गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे हैं। असलम मुजफ्फर का सगा भाई है और फैज असलम का बेटा, यानी मुजफ्फर का भतीजा है। उन्होंने सवाल उठाया कि गैंगस्टर में वांछित होने के बाद भी यह दोनों खुलेआम घूम रहे हैं और मुकदमा वादी को धमका रहे हैं। आखिर पुलिस कैसे उनकी तलाश कर रही है। कुंदन ने अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उनका आरोप है कि आरोपी लगातार दबाव बनाकर मुकदमे को प्रभावित करना चाहते हैं। पुलिस ने कुंदन की तहरीर पर मुजफ्फर, मो. असलम और मो. फैज के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# युवक को अगवा कर खेत में पीटा

**सिर पर आई चोट, शिकायत के बाद भी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट**

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, एक युवक को कार में अगवा कर खेत में बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित को बंधक बनाकर दो घंटे से अधिक समय तक पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि इस दौरान कई राउंड फायरिंग भी की गई। युवक अब रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए मोदीनगर और निवाड़ी थानों के चक्कर काट रहा है। यह घटना मोदीनगर निवाड़ी मार्ग स्थित



डीजे कॉलेज के सामने एक खेत में हुई। मोदीनगर की सौदा रोड कॉलोनी निवासी दानिश, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत है, अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी कार सवार दो युवक उसे दावत देने का बहाना बनाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि युवक दानिश को खेत में ले जाकर बेरहमी से पीटा गया और उसे नग्न कर दिया गया। हमलावर दो घंटे से अधिक समय तक दानिश को पीटते रहे। किसी तरह दानिश बंधक मुक्त होकर नग्न अवस्था में निवाड़ी रोड पुलिस चौकी पहुंचा और अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस ने उसे निवाड़ी थानाक्षेत्र का मामला बताकर टरका दिया। इसके बाद दानिश निवाड़ी थाने पहुंचा, लेकिन वहां उसे मोदीनगर थानाक्षेत्र का मामला बताकर वापस भेज दिया गया।

# लेखपाल की मौत के बाद बागपत में प्रदर्शन

**पीसीएस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों का प्रदर्शन**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, फतेहपुर में एक लेखपाल की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के बाद बागपत तहसील में विवाद गहरा गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि 2 दिसंबर 2020 को प्रशासन ने षड्यंत्रपूर्वक तहरीर बदलकर एफआईआर दर्ज कराई, जिसमें मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना का नाम शामिल नहीं किया गया। इसके बजाय, राजस्व विभाग के कर्मचारी कंवल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर मामले को कमजोर करने का प्रयास किया गया। परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से भी इनकार कर दिया है ।इस घटना से पूरे प्रदेश के लेखपाल समुदाय में गहरा आक्रोश है। लेखपाल संघ का कहना है कि मृतक परिवार अत्यंत पीड़ा में है, जबकि प्रदेशभर के लेखपालों में रोष व्याप्त है।



संघ ने आरोप लगाया कि लेखपाल अनुशासित कर्मचारी होने के बावजूद उन पर लगातार अव्यवहारिक दबाव डाला जा रहा है। उन्हें अन्य विभागों के कार्य भी तत्काल पूरा कराने के लिए सार्वजनिक रूप से डांट-फटकार, दुर्व्यवहार, वेतन रोकने, निलंबन और एफआईआर तक की धमकियां दी जाती हैं। संगठन के अनुसार, अधिकारी केवल रैंकिंग और उपलब्धियों की होड़ में लगे रहते हैं, जिससे तकनीकी और व्यवहारिक समस्याओं को अनसुना कर दिया जाता है। इस दबाव के कारण कई लेखपाल उच्च रक्तचाप, मधुमेह, चिंता और हृदय रोगों से जूझ रहे हैं। लेखपाल संघ ने इस मामले में कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें मुख्य आरोपी पीसीएस अधिकारी संजय कुमार सक्सेना को एफआईआर में नामजद करना शामिल है। संघ ने मृतक की माता को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है।

# एसआईआर को लेकर व्यापारी समाज जागरूक

**बड़ौत में विशेष कैंप लगाने की मांग, बोले–बीएलओ का सहयोग करेंगे**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, व्यापारी समाज एसआईआर अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है। व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों के सामने एसआईआर से संबंधित समस्याओं को रखा, साथ ही विशेष कैंप लगाने की मांग की। इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष योगेश जिंदल ने बताया कि उनकी टीम बागपत और बड़ौत क्षेत्र में काम कर रही है। वे बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) का सहयोग कर रहे हैं, क्योंकि उन



पर काम का अधिक दबाव है और उन्हें समय व सहयोग की आवश्यकता है। जिंदल अपनी 50 से अधिक लोगों की टीम के साथ नगर और आसपास के क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं ताकि एसआईआर की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सके। खिदमत सेवा समिति के अध्यक्ष इरफान मलिक ने भी बताया कि उन्होंने अपनी ओर से 50 लोगों को बीएलओ के सहयोग के लिए फील्ड में लगाया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह कार्य समय पर पूरा हो और हर व्यक्ति को इसका लाभ मिल सके।

# पुलिस ने चोर गिरोह का सदस्य दबोचा

**25 लाख रुपये के 57 चोरी के मोबाइल बरामद किए, दो साथी चकमा देकर फरार**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, पुलिस ने चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य आस मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। वह गाजियाबाद के लोनी स्थित निशांत कॉलोनी का निवासी है। पुलिस ने उसके पास से 24.50 लाख रुपए मूल्य के 57 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आस मोहम्मद के दो साथी, काला (निवासी अमन गार्डन) और तालिब (निवासी नसबंदी कॉलोनी, लोनी), मौके से जंगल में भागने में सफल रहे। यह कार्रवाई निवाड़ा चौकी पर नियमित चेकिंग के दौरान हुई। पुलिसकर्मियों ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को रोका और पूछताछ शुरू की। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे दो युवक भाग निकले। पुलिस ने आस मोहम्मद को पकड़ लिया और उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 57 मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि ये मोबाइल दिल्ली, हरियाणा, गाजियाबाद और नोएडा के विभिन्न इलाकों से झपटमारी और चोरी करके जमा किए गए थे। आस मोहम्मद ने यह भी खुलासा किया कि वह दिल्ली और आसपास के इलाकों में बाइक से मोबाइल झपटने वाले गिरोह का सरगना है। वह झपटमारों से सस्ते दामों पर मोबाइल खरीदता था और फिर उन्हें रटौल निवासी नईम को बेच देता था। गिरफ्तारी के समय, भी तीनों आरोपी मोबाइल बेचने के इरादे से रटौल जा रहे थे। शहर कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि



चोर गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि फरार हुए अन्य साथियों की तलाश जारी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# थाने के पास दंपती पर जानलेवा हमला

**बैंक कर्मचारी बताकर लूट के लिए घर में घुसे 2 बदमाश**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, कविनगर की पॉश कॉलोनी में बाइक पर आए दो बदमाश लूट के इरादे से घर में घुसे। जहां 72 वर्षीय नरेंद्र कुमार शर्मा को घर में घुसकर खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। वह पेंशन और बैंक कामकाज के बहाने बातचीत करने लगे। जहां एक बदमाश ने पानी मांगा, नरेंद्र शर्मा से बदमाश बात करने लगा, पत्नी पानी लेने रसोई में चली गईं। इसके बाद बुजुर्ग दंपती पर चाकू से हमला किया। पीड़ित ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। जहां दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। कमरे में खून ही खून पड़ा मिला। न्यू कविनगर के ॠ/ए 14 निवासी नरेंद्र शर्मा डीटीसी से रिटायर्ड हैं। यह फ्लैट 2 मंजिला है, ग्राउंड पर नरेंद्र शर्मा अपनी पत्नी मधु शर्मा के साथ



रह रहे हैं। बेटा विदेश में इंजीनियर है, वह अपनी फैमिली के साथ वहीं पर रह रहा है। जबकि बेटी मुरादनगर में अपनी ससुराल में रह रही हैं। नरेंद्र शर्मा ने बताया कि हमें एक कमरे में धकेल दिया। मधु शर्मा ने विरोध करते हुए शोर मचाया और बदमाश से भिड़ गईं। तभी आरोपी ने चाकू निकालकर उनके गले, कान और मुंह पर कई वार कर दिए। जब नरेंद्र शर्मा ने बचाने की कोशिश की तो बदमाश ने उनके गले और आंख पर भी चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों को लहूलुहान करने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य और थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कॉलोनी के लोगों ने पुलिस पर रात में गश्त न करने और सीसीटीवी न लगवाने को लेकर नाराजगी जताई। घायल दंपती को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नरेंद्र शर्मा की हालत गंभीर बनी है और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि घर का सामन सुरक्षित है। लूट की घटना नहीं हुई है। जांच में आया कि 15 दिन पहले दंपती ने घर में कुछ कार्य कराया था। इनमें पिलंबर व या दूसरा कार्य करने वाले पर भी पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# तस्कर 5 साल से कर थे गांजा सप्लाई

**10 किलो माल के साथ पकड़े गए, पूछताछ में पता चला**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, 10 किलो गांजा तस्करी मामले में नए खुलासे हुए हैं। लिसाड़ी गेट पुलिस ने शालीमार गार्डन स्थित एक मूर्ति कारखाने से शादाब और सद्दाम को गिरफ्तार किया था। उनसे पूछताछ के बाद जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पिछले पांच साल से तस्करी में शामिल थे। वे पुलिस की मुखबिरी कर अपनी गतिविधियों को छिपाते थे। इनका नेटवर्क मेरठ के अलावा बिजनौर, मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर तक फैला है। पुलिस अब इन जिलों में भी उनकी डीलिंग की जानकारी जुटा रही है। पुलिस अब इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि नशे का स्टॉक मूर्ति बनाने के कारखाने में क्यों रखा गया था। इस मामले में कारखाना मालिक सोनू और उसके पार्टनर अब्दुल भी पुलिस की जांच के घेरे में हैं। पुलिस को संदेह है कि कारखाना केवल छिपाने की जगह नहीं, बल्कि नेटवर्क का एक सक्रिय केंद्र हो सकता है। जांच से संकेत मिले हैं कि कारखाने में लंबे समय से बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी थी। कुछ अधिकारियों का मानना है कि तस्कर यहां खेप बदलने और उसकी पैकिंग का काम भी करते थे। मूर्तियों में नशा भरकर सप्लाई किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस इस पहलू को भी जांच रही है। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन की फॉरेंसिक जांच शुरू कर दी गई है। इसमें कई महत्वपूर्ण नंबर और चैट मिलने की उम्मीद है।

# भोपुरा में नाले में गिरी बच्ची

**महिलाओं ने देखते ही सुरक्षित बाहर निकाला, नगर निगम के खिलाफ जताया विरोध**

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, भोपुरा स्थित राजीव नगर में एक पांच साल की बच्ची निमार्णाधीन नाले में गिर गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बच्ची एक दुकान से बाहर निकल रही थी तभी यह घटना हुई। उसकी रोने की आवाज सुनकर दुकान पर मौजूद महिलाओं ने उसे तुरंत नाले से बाहर निकाला। नाला अधिक गहरा न होने के कारण बच्ची को कोई गंभीर चोट नहीं आई। इस घटना के बाद क्षेत्र में नगर निगम के प्रति लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, भोपुरा क्षेत्र में लगभग दो महीने पहले विकास कार्य शुरू हुए थे, जिसके तहत कई स्थानों पर नालों का निर्माण किया जा रहा है। कई नाले बनकर तैयार हो चुके हैं, लेकिन उन पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। इन नालों पर



न तो सुरक्षा दीवार बनाई गई है और न ही इन्हें ढका गया है। आवागमन के लिए, स्थानीय निवासियों ने लकड़ी की पटिया और तख्ते रखकर अस्थाई रास्ते बनाए हुए हैं। बच्ची का पैर इसी पटिया पर फिसल गया और वह नाले में जा गिरी। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि नगर निगम की लापरवाही और कार्य में देरी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। निर्माण कार्य महीनों से अधूरा पड़ा है, जिससे पूरे इलाके की स्थिति खराब हो गई है। सड़कों और दुकानों के बाहर मिट्टी के ढेर, गड्ढे और खुले नाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि वे पिछले दो महीनों से लगातार शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी अधिकारी ने मौके पर आकर स्थिति का जायजा नहीं लिया है। सुबह मंदिर जाने वाले लोगों को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है

# 5.6 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

**65.27 लाख खाते में आए थे, निवेश का दिया था झांसा, खातों को किया गया फ्रीज**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर लाभ कमाने का झांसा देकर 5.6 करोड़ रुपए की ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से साइबर अपराध में शामिल 02 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इनके नाम साहब सिंह और नीरज हुई है। साइबर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-50 निवासी एक महिला ने शिकायत दी कि उसे एक वॉट्सऐप ग्रुप जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश का झांसा दिया। ठगों ने पहले महिला को मुनाफा दिखाया और पैसे रिटर्न किए। विश्वास में लेने के बाद महिला ने ठगों के बताए खाते में पैसा ट्रांसफर करना शुरू किया। महिला ने 5.6 करोड़ अलग-अलग खातों में ट्रांसफर किए। जब पैसे निकालने के लिए कहा तो महिला को ग्रुप से बाहर कर दिया। साइबर सेल ने बैंक खातों को फ्रीज कराया। जिसमें साहब सिंह के खाते में 65 लाख 27 हजार 404 रुपए आए थे। 'एनसीआरपी पोर्टल' उक्त बैंक खाते के खिलाफ 22 शिकायतें दर्ज है। साहब सिंह ने ये पैसा निकालकर अपने मेरठ निवासी साथी नीरज को सौंपा। इस काम के लिए उसे कमीशन मिला। बताया गया कि उसका साथी नीरज, चालू बैंक खातों को अपने एक अन्य साथी चरणजीत को उपलब्ध कराया था। जिसके बताए अनुसार




सभी लोग यह कार्य करते थे और धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि इन्हीं खातों में आती थी। इस अवैध गतिविधि में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को उसके अनुसार अपना-अपना कमीशन मिलता था।

## श्री गायत्री महायज्ञ में आये सन्तों को ओढ़ाए कंबल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। श्री गायत्री महायज्ञ में आए सन्तों को शनिवार की रात को भाजपा नेता अमित कुमार सोनू ने कंबल ओढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया ।उन्होंने बताया कि महायज्ञ में दूर-दूर से सैकड़ों विरक्त संत हर साल आते हैं। न्यूनतम जरूरतों के साथ जीवन जीने वाले ये संत धूनी रमाकर जप एवं साधना में लगे हैं। खुले आसमान के नीचे ही रात गुजारने वाले इन्हीं संतों को कंबल ओढ़ाए गए है। इस दौरान उमेश शिवहरे,कृष्णकुमार गुप्ता,रावेन्द्र शिवहरे,रिजवान हाशमी,प्रिंस यादव,विकास गुप्ता, लक्ष्य गुप्ता,कबीर कुमार,मिरय कुमार मौजूद रहे।

## दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। मोबाइल फोन से जाति सूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है ।कस्बे के वार्ड संख्या 15 संत कबीर नगर निवासी ओम शरन सोनकर ने बताया कि उसके पड़ोस में ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी गांव का निवासी आमिर किराए का कमरा लेकर रहता है। वह आए दिन मोबाइल फोन से मुझे तथा मेरे रिश्तेदारों को जाति सूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने युवक के खिलाफ दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## राज्यमंत्री ने किया हाट बाजार का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने शनिवार को शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत हुंसेपुर लुकमानपुर में नव निर्मित हॉट बाजार का विधिवत उद्घाटन किया। हॉट बाजार शुरू होने से ग्रामीणों को अब स्थानीय स्तर पर ही रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएँ तथा कृषि-उत्पादों की बिक्री-खरीद का सुलभ मंच मिलेगा। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा,जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत,ग्राम प्रधान शांति देवी, प्रधान प्रतिनिधि राकेश पाण्डेय सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हॉट बाजार से क्षेत्र के किसानों व छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने राज्यमंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर सड़क हादसे में युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। थाना क्षेत्र के माधौगंज बघौली मार्ग पर जूरा बढैयाखेडा मोड़ पर एक युवक की अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से उसकी मौत हो गई। शनिवार की शाम लगभग सात बजे थाना क्षेत्र के गांव जूरा मजरा बढैयाखेडा निवासी परवेश पुत्र नथुन्नी उम्र 38वर्ष शहब्दा से अपने घर को वापस लौट रहा था। सड़क पार करते समय जूरा बढैयाखेडा मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से वह बुरी तरह चुटहिल हो गया। राहगीरों की सूचना पर आनन फानन में उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगंज लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## इंचौली मढली माई में मंदिर प्रांगण में शतचंडी महायज्ञ आयोजित हुआ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। मौदहा क्षेत्र के ग्राम इचौली स्थित मढ़ली माई मन्दिर प्रांगण में शतचंडी महा यज्ञ में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मंगलवार को कथा व्यास पण्डित यतेन्द्र पाठक ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है ।कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है।

कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। यज्ञाचार्य,, पंडित अमित मिश्रा,, यज्ञ के ब्रह्मा पंडित शोभित तिवारी,, पत्राचार पंडित अजय तिवारी पंडित प्रसू तिवारी पंडित विजय द्विवेदी ,,राजा रानी पंडित लल्लन तिवारी,, भागवत परीक्षित विनोद ऋषिराज सिंह श्री विपिन पांडे ऋषि तिवारी फूलचंद तिवारी दीपू निषाद, चन्ना सिंह, गंगादीन वर्मा प्रधान इचौली रामविलास गुप्ता ,अरुण गुप्ता प्रताप सिंह रघुवंशी इचौली अमित तिवारी प्रेमचंद शिवहरे इत्यादि श्रोता ने भागवत कथा श्रवण किया ।

## आप कार्यकर्ताओं ने बीएलओ को दी श्रद्धांजलि, सरकारी नौकरी की मांग

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।आम आदमी पार्टी ने 'मोदी सरकार की कथित तानाशाही और गलत रणनीति' के कारण देशभर में जान गंवाने वाले 25 से अधिक बूथ लेवल अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी। उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद श्रीमान संजय सिंह जी के आह्वान पर पूरे प्रदेश में यह श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई ।जनपद हरदोई में, जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं ने एक सभा का आयोजन किया। कार्यकताओं ने शहीद हुए बीएलओ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धारण किया ।जिलाध्यक्ष आशुतोष पाठक ने इस अवसर पर शहीद बीएलओ के परिवारों के लिए सरकारी नौकरी और आर्थिक मदद दिए जाने की पुरजोर मांग की ।इस श्रद्धांजलि सभा में जिला महासचिव अनुरुद्ध शुक्ला, दीपमाला मिश्रा, सुनीता वर्मा, कोमल सिंह, रोशन मियां, मजीद गाजी, अमृत कौर, बालगोविंद, संगम, अंकुर, आरिफ, अरमान, रविकांत मिश्रा, हिमांशु वर्मा, गौरव सिंह, एससी/एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुभाष वर्मा, राजेश त्रिवेदी, आनंद त्रिवेदी नंदू, शरीफ, संध्या वर्मा, अनादि अस्थाना, निखिल बाजपेई, आशू गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एसआईआर अभियान: सीडीओ ने किया रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने आज मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज, हरदोई में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया ।सीडीओ ने बूथ पर उपस्थित बीएलओ और मतदाताओं से सीधी बातचीत की और विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे मतदाताओं का सहयोग करें और सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित बन सके। यह SIR अभियान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान, सीडीओ सान्या छाबड़ा के साथ तहसीलदार सदर भी उपस्थित रहे।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का सम्मेलन हुआ

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन नगर से तीन किलोमीटर दूर मदारपुर गांव में शहीद अब्दुल हमीद शादी समारोह समिति के तत्वाधान में रविवार के दिन आयोजित किया गया। यहां सामूहिक रूप से 19 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा और अग्नि को साक्षी मानते हुए वैवाहिक जीवन के लिए सात फेरे लिए। वही मुस्लिम जोड़ो को मौलवी ने निकाह पढा कर एक दूजे के साथ रहने की कसम खिलाई ह्लमुख्य अतिथि रजा मोहम्मद श्रीनाथ एवं बुंदेलखंड इंसाफ सेना के अध्यक्ष विनय तिवारी व समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सभी जोड़ों को खुशहाल जीवन का आशीर्वाद दिया। दूर दराज से आये जोड़ो में 11हिन्दू व आठ मुस्लिम कन्याओं के एक साथ 19 दूल्हों की बारात बैंडबाजों के साथ निकली। आयोजन स्थल पर बेटियों के परिजन एवं मेहमानों ने उनकी जोरदार आगवानी की। इसके बाद विवाह की रस्में शुरू हुईं। बारातियों की आवभगत और विवाह कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी एवं सेवादार पूरे मनोयोग से जुटे रहे। विवाह स्थल पर वरमाला से लेकर फेरों तक पंडाल मंगल गीतों से गुंजायमान रहा। 19जोड़ों ने स्टेज पर कतार में आकर मंत्रोच्चार के साथ एक साथ वरमाला पहनाई, फिर मंडप में सभी जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए। हर वेदी पर अलग पंडित और कन्यादान करने वाले परिजन साथ मौलवी भी मौजूद रहे। समिति अध्यक्ष हामिद शाह कादरी, उपाध्यक्ष बदरुद्दीन ने दहेज का सामान कूलर फ्रिज वाशिंग मशीन आदि देकर हंसी खुशी कन्याओं को विदा किया इस कार्यक्रम के सहयोगी रामबाबू यादव, सौरभ तिवारी, कलन्दर निजामी, जफर अंसारी, ओम प्रकाश सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## रविवार को तपोभूमि मेले में उमड़ी भीड़



अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। रविवार को श्री गायत्री महायज्ञ 68वीं वर्षगांठ पर आयोजित मेले में रविवार को कस्बा वासियों की जमकर भीड़ उमड़ी। वहीं यज्ञवेदी में सातवें दिन 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख श्री गायत्री मंत्र का जाप करके सुख शांति कामना कर रहे हैं। मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सुरक्षा की कमान थानाध्यक्ष ने स्वतः संभाल रखी है। श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ में रविवार को तपोभूमि में लगे मेले में कस्बावासियों की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाओं बच्चों ने झूले चर्खी का जमकर लुफ्त उठाया और घर गृहस्थी के सामानों की खरीदारी की। वही यज्ञवेदी में यज्ञाचार्य माधवानारायण शास्त्री एवं यज्ञ के ब्रह्मा बलदेव प्रसाद शास्त्री के नेतृत्व में 65 कर्मकांडी ब्राह्मण 24 लाख गायत्री महामंत्र का जाप करके क्षेत्र की सुख शांति की कामना कर रहे हैं। इस वर्ष मेले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। हाईवे से लेकर तपोभूमि के कोने कोने में तीन दर्जन पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के कमान थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने स्वतः संभाल रखी है।

## किन्नरों के मध्य नेग मांगने का विवाद खूनी संघर्ष में बदला, एक गुट के दो घायल

### रविवार को तड़के बस स्टैंड के पास हुई घटना दोनों गुटों ने दी तहरीर पुलिस जांच में जुटी

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। नेग लेने का किन्नरों का विवाद रविवार को तड़के खूनी संघर्ष में बदल गया। एक गुट के मजीरा वादक एवं वाहन चालक को दूसरे गुट के साथ आए युवकों ने धारदार हथियारों एवं लाठी डंडों से पीट कर लहुलुहान कर दिया। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों गुटों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

किन्नरों के झगड़े की शुरूआत 27 नवंबर को हुई थी। इसके बाद 29 नवंबर को सुबह 6:00 बजे टेढ़ा गांव में भी दोनों गुटों के बीच वाद विवाद हुआ था। एक गुट ने इसकी शिकायत गांव से लौटकर पुलिस को दी थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की, इससे दूसरे गुट के हौसले बुलंद हैं। कस्बे के देवगांव मार्ग में रहने वाले किन्नर अंजना ने बताया कि वह पिछले एक दशक से कस्बे के किन्नर गुरु अफसाना के पास रहकर नेग आदि लेने का कार्य करती थी। पिछले एक वर्ष से वह बाहर थी। अब वह वापस कस्बे में आ गई है और अलग रहकर नेग मांगने का कार्य करती है। गत 29 नवंबर को सुबह 6:00 बजे वह टेढ़ा की एक गेस्ट हाउस में नेग लेने के लिए अपने साथियों के साथ गई थी। तब अफसाना गुट के किन्नर ने उसके साथ गाली गलौज करके मारपीट की थी। इसकी शिकायत उसने लौटकर थाने में की थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। इससे दूसरे गुट के किन्नरों के हौसले बुलंद हो गए है और रविवार को तड़के जब वह मंजीरा वादक शिवपूजन, वाहन चालक हरिपूजन के साथ कस्बे के बस स्टैंड के समीप गेस्ट हाउस में नेग लेने पहुंची। उसी समय दूसरे गुट की काजल उर्फ संजय निवासी बिलगांव बांदा अपने साथी पप्पू, अभय, फहीम एवं 20 अज्ञात युवकों के साथ हमला बोल दिया। सभी लोग चाकू, लाठी डंडे से लैस थे। सभी ने गाली गलौज करके चाकू एवं लाठी डंडों से मारकर लहूलुहान कर दिया। इस मारपीट में वाहन चालक हरीपूजन, मंजीरा वादक शिवपूजन के साथ उसे गंभीर चोटे आई है। हरिपूजन एवं शिवपूजन को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जहां दोनों का उपचार चल रहा है। पीड़ित अंजना ने बताया कि उसने तत्काल 112 को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और उसके साथ घायलों के बयान दर्ज किया। इसके बाद उसमें थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मामले की जांच कर कार्यवाही करेंगे।

## ईश्वर के आशीर्वाद से मृत्यु के भय से मिलती है मुक्ति - दुर्गा प्रसाद

### श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ का सातवां दिन

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। तुलसीदास, मीरा,सूरदास की रचनाएं अद्भुत है। उनकी रचनाओं ने मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने की राह बताई है। उक्त उद्गार श्री गायत्री महायज्ञ की 68वीं वर्षगांठ के अवसर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर सर्व विद्यमान है। कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद का सुंदर वृतांत सुनाते हुए कहा कि उन्होंने असुर कुल में जन्म लेकर भी ईश्वर का साक्षात दर्शन आशीर्वाद अपनी भक्ति के बल पर प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि बड़े-बड़े साधु संतों, ऋषियों मुनियों को जीवन पर्यंत तपस्या के उपरांत ईश्वर के साक्षात दर्शन नहीं प्राप्त होते हैं। वहीं भक्त प्रहलाद ने बाल्य काल में ही ईश्वर के दर्शन पाकर जीवन को धन्य बना लिया। उन्होंने सनकादि आदि की कथा सुनाते हुए कहा की मृत्यु का भय सभी जीवात्मा को होता है। लेकिन ईश्वर का आशीर्वाद पाकर मृत्यु के भय से मुक्त हुआ जा सकता है। इसके पश्चात उन्होंने कृष्ण जन्म का सुंदर वृतांत सुनाया। जिस पर पूरा





पंडाल कृष्णमय में हो गया। सोहर गीत गाकर महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर कान्हा के जन्म को धूमधाम से मनाया। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे। पूरा पंडाल नन्द के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

## डाभा में शतचंडी महायज्ञ: हिंदू राष्ट्र निर्माण हेतु तप और समर्पण का आह्वान

अमन लेखनी समाचार

हरदोई ।विकास खंड बिलग्राम के ग्राम डाभा में आयोजित पैंतीसवें शतचंडी महायज्ञ महोत्सव में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कनखल, हरिद्वार से पधारे श्री श्री 1008 श्री स्वामी सुरेशानंद सरस्वती जी महाराज के आगमन पर विशेष उत्साह देखने को मिला। यज्ञ समिति अध्यक्ष राजीव सिंह (राजू) एवं शिवप्रताप सिंह ने मंच पर स्वामी जी का हार्दिक स्वागत किया ।स्वामी जी ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि ₹हिंदू राष्ट्र निर्माण₹ केवल उद्घोष से नहीं, बल्कि शबरी की तरह गहन तप, धैर्य, प्रतीक्षा और समर्पण से होगा। उन्होंने कहा कि शबरी का समर्पण ही था कि प्रभु राम स्वयं उनके कुटीर पहुँचे। उन्होंने रामचरित मानस की आलोचना पर कहा कि सनातन धर्म आलोचना से क्षीण नहीं होता, हमें शास्त्रों के जीवनोपयोगी संदेश को समझना होगा। स्वामी जी ने भक्तों को अपने जीवन को भावों, भक्ति और निष्काम कर्म से जोड़ने की प्रेरणा दी। महोत्सव में सुबह से शाम तक वैदिक मंत्रोच्चार, आहुतियाँ और भंडारे की सुगंध से वातावरण दिव्य बना रहा। डाभा में यह महायज्ञ पिछले तीन दशकों से निरंतर आयोजित हो रहा है।

## पुलिस अधीक्षक के आदेश पर भैंस चोरी की रिपोर्ट

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर,हरदोई ।कोतवाली क्षेत्र के नगरिया साधौ गांव निवासी विवेक पुत्र रामचंद्र पुलिस अधीक्षक के आदेश पर गांव के ही एक युवक पर भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है ।दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 25 अक्टूबर 2025 को उसकी दो भैंस जवान मकान के पास सरकारी खडंजे पर वँधी थी। करीब 1 लाख रूपपे की कीमत की दोनों भैंस रात में अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। सुबह उठने पर देखा की मौके पर भैंस नहीं है। काफी खोज की ।पर कोई पता नहीं चला। इस मामले में उसने थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी। परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई। अंतत उसने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा से फरियाद की ।एसपी के आदेश पर पुलिस ने भैस चोरी का मुकदमा दर्ज किया है ।हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया है कि एसपी के आदेश पर नगरिया साधौ गांव निवासी कल्लू के विरुद्ध भैस चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हरदोई पुलिस ने सेवानिवृत्त अनुचर का सम्मान किया

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सहायक पुलिस अधीक्षक सर्किल शाहाबाद/पुलिस लाइन, श्री आलोक राज नारायण द्वारा पुलिस लाइन में जनपद में सेवानिवृत्त हुए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (अनुचर) श्री बृजेश कुमार को सम्मानित किया गया। साथ जी बृजेश कुमार को उनकी दीर्घ और समर्पित सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने पुलिस विभाग में उनके अमूल्य योगदान की सराहना की। इस अवसर पर श्री आलोक राज नारायण ने बृजेश कुमार के उज्ज्वल भविष्य और सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की और उन्हें शुभकामनाएँ दीं। यह सम्मान समारोह पुलिस विभाग में कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक प्रयास था।

## धैर्य और साहस से गणना कार्य पूर्ण करें - जिला अधिकारी अनुनय झा का बीएलओ से सीधा संवाद

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत, जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा ने आज स्वामी विवेकानंद सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न बूथों पर कार्यरत 40 बीएलओ से सीधा संवाद किया।

डीएम ने गणना कार्य में लगे सभी बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि, ₹यह कार्य कठिन अवश्य है, लेकिन नामुमकिन नहीं है। आप सभी धैर्य, साहस और पूरे मनोयोग से गणना कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का प्रयास करें ।₹उन्होंने जोर दिया कि आयोग द्वारा दी गई समय सीमा में कार्य पूरा किया जाए। बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि आज आने वाले सभी मतदाताओं को सूची के अनुसार पूरी जानकारी मिले और जिन लोगों ने अभी तक गणना प्रपत्र जमा नहीं किए हैं, उन्हें जमा कराने का प्रयास किया जाए ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम और निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपजिलाधिकारी ने बीआरसी परिसर में लगे बूथों का निरीक्षण किया

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर मतदाताओं ने वोटर फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा किए। उपजिलाधिकारी ने बीआरसी परिसर में लगे सभी बूथों का निरीक्षण किया।

रविवार को नगर पंचायत के बीआरसी परिसर के जूनियर हाईस्कूल संविलियन विद्यालय के बूथों का निरीक्षण एसडीएम बिलग्राम एन वर्मा ने फार्म जमा करने के बारे में बीएलओ से जानकारी ली। उन्होंने ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, कोटेदार, आशा, आंगनवाड़ी से बीएलओ की मदद के लिए निर्देश दिए। बीएलओ के साथ लगे सहायकों ने घर घर जाकर फार्म जमा करने के लिए प्रेरित किया। बूथो पर 12 बजे तक बूथ 101 पर 11, 102 पर 20, 103 पर 03, 104 पर 08, 105 पर 52, 106 पर 26, 107 पर 12, 108 पर 04, 109 पर 25, 110 पर 06 फार्म जमा हुए। इस मतदान केंद्र पर नगर के अलावा दो बूथ ग्राम पंचायत दौलतयारपुर के है।

## डामर गांव में नमामि गंगे द्वारा डाली गयी पाइप लाइन क्षतिग्रस्त, आने जाने वाले लोगों को हो रही दिक्कत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा,हमीरपुर। कुरारा विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव में नमामि गंगे योजना से डाली गई पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो जाने से गांव से आवागमन के मुख्य रास्ते में पानी भर रहा है। जिससे रास्ता खराब हो रहा है। लोगो को रास्ते से निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।क्षेत्र के डामर गांव में गांव के अंदर जाने वाले रास्ते में चार स्थान पर नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे सप्लाई के दौरान पानी बहकर रास्ते में भर रहा है। गांव निवासी वीर सिंह, चंद्रभान, रामकुमार, होरीलाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि नमामि गंगे की पाइप लाइन श्रीचंद के दरवाजे, रामसनेही के दरवाजे, रामकुमार के दरवाजे , छोटे के घर के सामने क्षति ग्रस्त हो गई है। जिससे सप्लाई के दौरान हजारों लीटर पानी प्रतिदिन बर्बाद हो रहा है। तथा गांव से आने जाने का मुख्य रास्ता खराब हो रहा है। तथा लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत ग्रामीणों। द्वारा कर्मचारियों से की गई है। लेकिन लापरवाही के चलते इस पाइप लाइन को एक माह से ठीक नहीं किया जा रहा है ।जिससे पक्की सड़क बर्बाद हो रही है। तथा सड़क में गड्ढे हो जाने से वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इस क्षति ग्रस्त पाइप लाइन को ठीक कराए जाने की मांग की है

## श्री राम विवाह महोत्सव का समापन: कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन

अमन लेखनी समाचार

पिहानी,हरदोई। माँ इच्छापूर्णी रामजानकी मन्दिर में आयोजित श्री राम विवाह महोत्सव का रविवार को श्रीमद्भागवत कथा के साथ समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन कथाव्यास ने सुदामा चरित्र, भगवान श्रीकृष्ण का गोलोकधाम गमन और राजा परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया ।उन्होंने जोर देकर कहा कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भक्ति और ज्ञान प्राप्त कर जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्त होता है तथा मोक्ष की ओर अग्रसर होता है। कृष्ण-सुदामा मित्रता के प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि कैसे दीन-हीन सुदामा के आने की सूचना मिलते ही द्वारकाधीश श्रीकृष्ण नंगे पैर द्वार की ओर भागे और अपने सखा को गले लगा लिया ।इस भावुक वर्णन को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा समापन पर मंदिर महंत वैष्णव हरिशरण महाराज ने व्यास पूजन किया। इस आयोजन में पुरोहित कविंद्र महाराज, गुरुचरन लाल, रामासरे रस्तोगी, राजकुमार रस्तोगी, धर्मेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हरदोई में अवैध खनन करते जेसीबी ट्रैक्टर सहित एक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जिले की संडीला थाना पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है ।पुलिस को ग्राम मुन्नूखेड़ा में अवैध खनन की सूचना मिली थी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने रुबिल पुत्र मुसील नामक व्यक्ति को खनन करते हुए रंगे हाथ पकड़ा ।गिरफ्तारी के समय, रुबिल के पास से अवैध खनन में इस्तेमाल हो रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पूर्व जज के सम्मान में सजी हिंदी-उर्दू अदब की यादगार महफिल

अमन लेखनी समाचार

बिलग्राम, हरदोई। ।क्षेत्र के महसोनामऊ गांव में जाने-माने साहित्य प्रेमी और पूर्व संयुक्त निदेशक (संसद दिल्ली) जनाब शिव कुमार बिलग्रामी के निवास पर रविवार को हिंदी-उर्दू अदब की एक खूबसूरत महफिल सजी। यह आयोजन विशेष रूप से पूर्व जज एवं पीआईएल चेयरमैन आदिल आफताब के सम्मान में रखा गया था ।महफिल में क्षेत्र के चुनिंदा शायरों-कवियों ने शिरकत की और अपनी शायरी व कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन असगर बिलग्रामी ने बखूबी किया, जबकि सदारत की जिम्मेदारी जय नारायण अवस्थी ने संभाली। हुजूर बिलग्रामी, असगर बिलग्रामी, कमर बिलग्रामी, कौशलेंद्र सिंह ह्यदिवह्न, निशेष बिलग्रामी सहित कई स्थानीय रचनाकारों ने एक से बढ़कर एक गजलें, नज्में और कविताएं पेश कीं। हर शेर पर खूब दाद मिली और महफिल दोपहर से देर शाम तक गूंजती रही ।महफिल में विशेष रूप से पूर्व लेक्चरर राम नारायण शुक्ला, डॉ. कपिल देव त्रिपाठी, पंडित दया शंकर मिश्र, ऋषि कुमार मिश्र, अजेंद्र प्रताप सिंह, उमेश प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह, देवा सिंह समेत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे ।अंत में मेजबान शिव कुमार बिलग्रामी ने सभी आए हुए मेहमानों, शायरों और श्रोताओं का दिल की गहराई से शुक्रिया अदा किया। इस साहित्यिक आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बिलग्राम की मिट्टी में आज भी अदब का पुराना जादू बरकरार है।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com





सुदृढ़ संचार व्यवस्था हो या सामरिक सुरक्षा का मामला, कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी की बात हो या प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान लगाना हो, इन सबके लिए स्पेस टेक्नोलॉजी में नित नई ऊंचाई छूना जरूरी है। इस दिशा में इसरो निरंतर अग्रसर है। यहीं नहीं विश्व की स्पेस सुपर पावर बनने के लिए भी इसरो के पास कई इंपॉर्टेंट प्रोजेक्ट्स और प्लानिंग्स हैं। इन सभी पर एक विस्तृत नजर।

## अंतरिक्ष में नई ऊंचाई छूने के लिए
# निरंतर अग्रसर इसरो

कवर स्टोरी

संजय श्रीवास्तव

इसरो द्वारा तीन साल के भीतर अंतरिक्षयान निर्माण की तीन गुनी क्षमता का लक्ष्य निर्धारण, भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षा का पूर्वाभास है। यदि यह हासिल हो जाता है, तो भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी भी न सिर्फ नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के समानांतर खड़ी होगी बल्कि विश्व अंतरिक्ष बाजार में भी वह बहुत बड़ी खिलाड़ी बन जाएगी।

**देश की प्रगति के लिए जरूरी:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो का अगले तीन वर्षों में अपने अंतरिक्षयान निर्माण क्षमता को तिगुना करने का फैसला, देश की बदलती सामरिक, वैज्ञानिक और आर्थिक प्राथमिकताओं के पूर्वाभास सरीखा है। इसरो चाहता है कि खुद को अंतरिक्ष के क्षेत्र में भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप ढाल सके, ताकि वो निजी कंपनियों की तेज भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रतिस्पर्धा के बीच अविलंब आगे आ सके। उसकी यह पहल, देश को विश्व की अग्रणी अंतरिक्ष शक्तियों की श्रेणी में ऊपरी स्थान दिलाने की दिशा में एक रणनीतिक विस्तार है। अंतरिक्ष यान निर्माण क्षमता को बढ़ाना कई वजहों से जरूरी है। 5जी से बढ़कर 6जी की ओर बढ़ना है, तो सैकड़ों छोटे उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजना ही होगा। पृथ्वी अवलोकन और जलवायु निगरानी उपग्रहों की मांग भविष्य में बहुत ज्यादा बढ़ेगी।




**वैश्विक शक्ति बनने की है सामर्थ्य:** वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में उपग्रहों और उनकी सेवाओं की मांग अभूतपूर्व तरीके से बढ़ रही है। संचार, अर्थ ऑब्जर्वेशन, रक्षा, निगरानी, नेविगेशन, आपदा प्रबंधन, कृषि और ऊर्जा क्षेत्रों में उपग्रहों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होने के चलते आने वाले दशक में हजारों नए उपग्रह लॉन्च होने की उम्मीद है।

भारत के पास सस्ता, तेज, कुशल और विश्वसनीय अंतरिक्ष अभियान संचालन की बेहतर क्षमता है, इसको पूरी दुनिया जान और मान रही है। तमाम देश इसके लिए भारत की ओर आकर्षित भी हैं। लेकिन अंतरिक्ष यान निर्माण-क्षमता के सीमित होने के कारण देश बेहतरीन कौशल होने के बावजूद इस तेजी से बढ़ती वैश्विक मांग का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहा। इसरो अभी सालाना औसतन 6 से 7 अंतरिक्षयान बनाता है। तीन साल बाद क्षमता तीन गुना होने का मतलब है कि वह 18 से 21 अंतरिक्षयान प्रति वर्ष तैयार कर सकेगा। फिर उसके पास अन्य देशों के उपग्रहों के लांच के लिए न सिर्फ पर्याप्त यान होंगे बल्कि उन्हें लांच के लिए विंडो भी। कम समय अंतराल पर होने और निर्माण तथा लांच सुविधाएं सीमितता के चलते इसरो के कई प्रक्षेपण कार्यक्रम आपस में ओवरलैप करते हैं। इसरो द्वारा उत्पादन वृद्धि के साथ सैटेलाइट इंटीग्रेशन सेंटर्स की संख्या बढ़ाना इस ओवरलैप को कम करेगा। अंतरिक्षयानों की संख्या में वृद्धि भारत को वैश्विक प्रक्षेपण सेवाओं के बड़े बाजार में मजबूत प्रतिस्पर्धी बनाएगा, जहां आज अमेरिका की स्पेस-एक्स जैसी निजी कंपनियां लगभग एकछत्र राज कर रही हैं।

**संभावनाएं-क्षमताएं हैं भरपूर:** आज भारत, वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में केवल 2 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, इसरो इसे 2030 तक 8 फीसद तक ले जाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। क्षमता विस्तार, निजी साझेदारी और नई तकनीकों का विकास इसे संभव बना सकता है। बेशक इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी दर्ज होगी तथा संबंधित क्षेत्र में साख भी बढ़ेगी। असल में इसरो की रणनीति महज अपने अंतरिक्ष यानों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है। इस दौर में जब देश में कई स्पेस स्टार्टअप तेजी से उभर रहे हैं, इसरों की प्लानिंग है कि अंतरिक्षयान निर्माण में तमाम बड़ी निजी कंपनियों जैसे लार्सन एंड टुब्रो, गोदरेज, एचएएल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, स्काईरूट, अग्निकुल, ध्रुव स्पेस तथा अन्य छोटे स्टार्टअप्स को भी वह इस काम में बड़े पैमाने पर साझेदार बनाए ताकि इससे भारत में 'एयरोस्पेस मैन्युफेक्चरिंग इंडस्ट्री' का विकास तीव्र हो। वह अमेरिका में नासा और स्पेस-एक्स जैसे सरकारी एजेंसी और निजी कंपनी के आपसी सहयोग जैसे मॉडल को भारतीय परिस्थितियों में संभव बनाना चाहती है। इससे देश, संबंधित कंपनियों और आखिरकार इसरो को लाभ पहुंचेगा।



**निजी क्षेत्रों को कर रहा प्रोत्साहित:** जल्द ही भारत का पहला पूर्णतः स्वदेशी उद्योग-निर्मित पीएसएलवी इसी परिवर्तन की ज्वलंत निशानी बनेगा। इसरो खूब जानता है कि निजी क्षेत्र जितना बड़ा होगा, उसको उतनी ही सुविधा होगी। वह उन पर बहुत से तकनीकी और निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी देकर अपना ध्यान ज्यादा से ज्यादा प्रक्षेपण कार्यक्रमों एवं अनुसंधान मिशनों पर केंद्रित कर पाएगा। इसरो को निजी-सरकारी कंपनियों के सहयोग से तीन गुनी यान निर्माण क्षमता हासिल हो गई, तो उसका परोक्ष प्रभाव यह भी होगा कि इसरो के वैज्ञानिक मिशन तेजी से पूरे होंगे, वाणिज्यिक लॉन्च बढ़ेंगे। ऐसे में भारत वैश्विक उपग्रह-निर्माण और प्रक्षेपण बाजार में बेहद कमाऊ और प्रभावी खिलाड़ी बन सकेगा। इनके अलावा इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और ज्यादा बढ़ेगी, तो विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम होती जाएगी। बड़ी बात यह भी कि पांच मॉड्यूल वाला देश का अंतरिक्ष स्टेशन समय पर स्थापित करने की संभावना भी इससे मजबूत होगी।

**कई स्तरों पर करनी होगी पहल:** इसरो के सभी प्रोजेक्ट्स समय से पूरे हों, इस लिए भी इसरो को अपनी यान निर्माण क्षमता को तीन गुना बढ़ाने के लिए प्रेरित किया है। चंद्रयान-4 भारत के लिए अमेरिका के अपोलो कार्यक्रम की तरह विशिष्ट होगा। यह चंद्रमा से नमूने वापस लाकर भारत को उस सैंपल रिटर्न टेक्नोलॉजी में सक्षम बनाएगा, जो संसार के महज तीन देशों के पास है। इसी तरह जापान की अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा के साथ लूपेक्स मिशन, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ की मौजूदगी तलाश उसकी उपयोगिता समझने का अवसर देगा। यह भविष्य के मानव मिशनों के लिए ईंधन और पानी का स्रोत समझाएगा। भारत अपने अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल को 2028 तक पूरा करते हुए 2035 तक पांच मॉड्यूल वाला अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना चाहता है। इस पूरे प्रकरण में सरकार की जो भूमिका हो सकती है, वह यह है कि उसके द्वारा अंतरिक्ष नीति और विनियमों को सरल बनाया जाए ताकि निजी निवेश, इसरो को लंबी अवधि की फंडिंग और स्टार्टअप ईकोसिस्टम को बढ़ावा मिले, मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम पर नियमित निवेश एवं निजी भागीदारी को गति मिले, जिससे इसरो अधिक प्रक्षेपण केंद्र और ट्रैकिंग स्टेशन स्थापित कर सके। अंतरराष्ट्रीय सहयोग के विस्तार पर भी सरकार को जोर देना होगा। फिलहाल इसरो का फैसला देश को वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में आर्थिक शक्ति बनाएगा, लाखों नौकरियों का सृजन, युवा वैज्ञानिकों के लिए अवसर पैदा करेगा। *

### कई प्रोजेक्ट्स पर हो रहा काम

इसरो के लिए आने वाला दशक निर्णायक है। इस वर्ष और अगले वर्ष में इसरो के पास आधे दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण कार्यक्रम शेष हैं और अगले कुछ वर्षों में संचालित होने वाले इसरो के पूर्व नियत कई प्रमुख अभियान तो बहुत जटिल और महत्वाकांक्षी हैं। गगनयान के कई मानव-रहित परीक्षण, मानव सहित गगनयान, 2028 में जाने वाला चंद्रयान-4, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी के साथ मिशन लूपेक्स, एसएसएलवी निर्माण तथा रि-यूजेबल लॉन्च व्हीकल का विकास, शुक्रयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, नई पीढ़ी के संचार उपग्रह जैसे कई महत्त्वाकांक्षी मिशन पर कार्य जारी है।



# डिजिटल गेम्स वर्तमान है शानदार-उज्ज्वल है भविष्य

हाल के वर्षों में मनोरंजन के लिहाज से डिजिटल गेम्स का क्रेज जबर्दस्त तरीके से बढ़ा है, निरंतर इसमें इजाफा भी हो रहा है। खासतौर पर इसे लेकर नई पीढ़ी में बहुत दीवानगी देखी जाती है। इसकी क्या हैं वजहें और कैसा है भविष्य, जानिए।



टेक्नोलाइफ

लोकमित्र गौतम

आज के युग में मनोरंजन, शिक्षा और तकनीकी प्रयोग का सबसे लोकप्रिय माध्यम बन चुके हैं-डिजिटल गेम्स। मोबाइल, कंप्यूटर, टैबलेट और गेमिंग कंसोल के जरिए खेले जाने वाले ये खेल महज खेल नहीं हैं बल्कि आज की तारीख में अरबों रुपए का कारोबार भी है। नई पीढ़ी के बीच इन डिजिटल गेम्स का आकर्षण इतना अधिक है कि अब ये डिजिटल गेम्स एक पूरी संस्कृति का रूप ले चुके हैं।

**क्या होते हैं डिजिटल गेम्स:** डिजिटल गेम्स सही मायने में इलेक्ट्रॉनिक खेल होते हैं। इन्हें डिजिटल गेम इसलिए कहा जाता है, क्योंकि ये किसी डिजिटल डिवाइस के जरिए खेले जाते हैं। जैसे- कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन, टैबलेट या वीडियो गेम कंसोल। डिजिटल गेम्स में ग्राफिक, ध्वनि और उपयोगकर्ता का सीधे-सीधे संपर्क या इंट्रैक्शन संभव है। यह इंट्रैक्शन या संपर्क दो तरीके से होता है। इसमें एक है वर्चुअल अनुभव। वास्तव में यह किसी अनुभव के आधार पर तैयार किए जाते हैं और यहीं इनकी भूमिका बदल जाती है। यह केवल शारीरिक सक्रियता या महज मनोरंजन का कारण नहीं होते बल्कि कभी-कभी सीखने, कभी रणनीति बनाने, कभी निर्णय क्षमता को परखने या उसे विकसित करने तथा कभी-कभी हीनभावना को दूर करने का तरीका भी होते हैं।



**दीवानी है नई पीढ़ी:** नई पीढ़ी में डिजिटल गेम्स को लेकर बहुत ज्यादा आकर्षण या कहें क्रेज है। विशेषकर जनरेशन जेड और अल्फा, डिजिटल दुनिया में जन्मी, पली-बढ़ी पीढ़ियां इन खेलों की दीवानी हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि इनका बचपन मोबाइल और इंटरनेट के साथ खेलते और इस्तेमाल करते हुए गुजरा। इसलिए डिजिटल गेम्स को ये मनोरंजन नहीं कहते बल्कि अपने व्यक्तित्व की पहचान, प्रतिस्पर्धा और आत्म अभिव्यक्ति का माध्यम मानते हैं।

**इसलिए बढ़ रहा इतना क्रेज:** नई पीढ़ी में डिजिटल गेम्स का इतना क्रेज इसलिए है, क्योंकि यह वास्तविक अनुभव देता है। आज के डिजिटल गेम्स में एक साथ वीआर यानी वर्चुअल रियलिटी और एआर यानी ऑग्मेंटेड रियलिटी का इस्तेमाल होता है, जिसे खिलाड़ी इन्हें दूर से खेलता हुआ नहीं लगता बल्कि खुद को वह खेल के भीतर का हिस्सा समझता है और खेल के रोमांच को पल-पल महसूस करता है। दुनिया के किसी कोने से किसी दोस्त के साथ, किसी अजनबी के साथ, इन खेलों को खेला जा सकता है यानी आज की डिजिटल लाइफ के अनुकूल ये ऑनलाइन गेम की सुविधा प्रदान करते हैं और सबसे आकर्षक बात यह है कि डिजिटल गेम्स, एक रिवॉर्ड सिस्टम से भी जुड़ा होता है यानी प्वाइंट, लेवल और खरीदारी के लिए वाउचर जैसी सुविधाओं का मौजूद होना खिलाड़ियों को अलग ही दुनिया के रोमांच से जोड़ देते हैं। आज की तारीख में डिजिटल गेम्स महज खेलने की डिजिटल गतिविधि भर नहीं हैं बल्कि यह एक किस्म की सामाजिक प्रतिष्ठा बन चुके हैं। युवाओं में गेमिंग अब अपने आपमें एक स्टेटस सिंबल बन चुका है। लोकप्रिय गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स और फैंस भी मिलते हैं। इस तरह डिजिटल गेम्स मनोरंजन करने के साथ-साथ हमारे तनाव मुक्ति का भी जरिया हैं। इस कारण भी युवाओं में डिजिटल गेम्स को लेकर जबरदस्त क्रेज है।

**ऐसे हुई डिजिटल गेम्स की शुरुआत:** वर्ष 1962 की बात है, एमआईटी यानी मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, अमेरिका में दो युवाओं ने मिलकर दुनिया का पहला डिजिटल गेम स्पेस वार बनाया। स्टीव रसेल और उनके दोस्त मार्टिन ग्रेट्ज ने पहले-पहल इस डिजिटल गेम्स की अवधारणा को 1961 में रखा था। लेकिन बाद के एक साल में उनके साथ उनके चार और दोस्त आ जुड़े, ये थे- वेन विटानन, पीटर सैमसन, डेन एडवर्ड्स और एलन कोटाक। इन सभी ने मिलकर दुनिया का पहला डिजिटल गेम्स स्पेस वार सीडीपी-1 कंप्यूटर पर बनाया। यहीं से आधुनिक वीडियो गेम उद्योग की शुरूआत हुई।

जहां तक भारत में डिजिटल गेमिंग की शुरुआत का सवाल है तो यह सन 1990 के दशक में आया, जब कंप्यूटर और इंटरनेट भी धीरे-धीरे आम लोगों तक पहुंचने लगे थे। भारत का पहला स्वदेशी डिजिटल गेम 'भारतः द गेम' (1998) माना जाता है, जिसे सिनका गेम्स कंपनी ने विकसित किया था। हालांकि गेम बहुत अधिक लोकप्रिय नहीं हुआ।

**डिजिटल गेम्स का भविष्य:** जहां तक डिजिटल गेम्स की दुनिया के भविष्य का सवाल है तो यह बेहद उज्ज्वल और तकनीकी रूप से बेहद रोमांचक है। साल 2025 में वैश्विक गेमिंग इंडस्ट्री बढ़कर 250 अरब अमेरिकी डॉलर की हो चुकी है और इसमें बहुत बड़ा हिस्सा भारत के डिजिटल गेम्स प्रेमियों का भी है। क्योंकि साल 2024 के अंत तक भारत में सक्रिय गेम्स की संख्या बढ़कर 40 करोड़ हो चुकी है। शायद यह डिजिटल गेमिंग का ही विस्तार है कि आज ई-स्पोर्ट्स की दुनिया बड़े पैमाने पर उभरी है और लाखों लोग इसे अपना करियर बनाकर अपना भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित कर रहे हैं। *



कविता

पुरुषोत्तम व्यास

## गिरना भी अच्छा होता

कभी-कभी गिरना भी अच्छा होता,
गिरने से संभलना सीखते
फिर चलना सीखते।
समझ में आता है
अति हर चीज की
अच्छी होती नहीं,
बात-बात पर अहंकारी,
और ज्यादा ज्ञानी
समझने से बच जाते।
बात यह भी जरूरी है कि
गिरने को किस रूप में देखते हो,
विचलित होते हो या
नए साहस से आगे बढ़ते हो
गिरने से दिमाग भी
ठिकाने रहता
अपने और पराए पर
पर्दा उठ जाता।
अगर गिरे तो फिर
नए रूप लेकर उठो
नए विचार लेकर उठो
बेफिक्र होकर जीना सीखो
इसलिए कभी-कभी
गिरना भी अच्छा होता है।

व्यंग्यात्मक संस्मरण

डॉ. मुकेश असीमित

# टिकट विंडो की लाइन




रेलवे स्टेशन की टिकट विंडो आजकल किसी आध्यात्मिक तप जैसी लगती है। अमृत योजना का थोड़ा-बहुत बजट खर्च कर चार खिड़कियां बना दी गई हैं, पर चारों के सामने उतनी ही लंबी लाइनें, मानो चार अलग-अलग धर्मपंथ हों और भक्त सभी जगह समान संख्या में हों।

मैं बड़ी होशियारी से सबसे छोटी लाइन में लगा, और जैसे ही लगा किस्मत मेरी गर्दन पकड़कर मुझ पर हंस रही हो जैसे। मेरी लाइन कछुए की चाल से और बाजू वाली लाइन खरगोश की गति से फुर्र-फुर्र बढ़ती जा रही थी।

खिड़की पर एक बुजुर्ग बाबू थे, शायद रिटायरमेंट के ठीक पहले के अंतिम वर्ष में। चश्मा उतारते, लगाते, की-बोर्ड को किसी वेद-पाठ की तरह एक-एक अक्षर छूते। स्क्रीन पर अक्षर प्रकट होता तो उनके चेहरे की झुर्रियां भी खिल उठतीं, मानो तकनीकी उन्नयन का चमत्कार उन्हें रोज नई जवानी दे रहा हो। रेलवे ने शायद फैसला कर रखा है कि यह महाशय अपना अंतिम प्रण और अंतिम प्रणय दोनों इसी खिड़की पर छोड़ेंगे।

इतने में एक दुबला-पतला अधेड़ मेरी कोहनी पसलियों में गड़ाता हुआ फुसफुसाया, 'कौनसी ट्रेन चाहिए साहब? बोलो तो जुगाड़ कर दूं, अंदर तक पहुंच है। बस सौ का एक नोट एक्स्ट्रा।'

मैंने विनम्रता से मना कर दिया। विनम्रता पर उसने जर्दे-भीगे होंठों से मोबाइल और मुझे संयुक्त रूप से एक गाली दी और फुर्र हो गया। उसकी प्रतिक्रिया खीझ से उत्पन्न हुई, जैसे कोई एक डील होते-होते रह गई हो।

मोबाइल ही आजकल इन लंबी लाइनों का आधुनिक तपो-साधन है, सभी यात्री उसमें गुम। मैं भी व्हाट्सएप की दुनिया में तल्लीन था, तभी आगे शोर हुआ। एक यात्री जिसकी ट्रेन छूटने वाली थी, लाइन तोड़कर हथेली खिड़की के नैनो साइज के छेद में घुसा चुका था कि दूसरा यात्री अपना हाथ निकाल ही नहीं पा रहा था। अब विवाद यह नहीं कि किसकी बारी, बल्कि यह कि सबसे पहले हाथ कौन निकाले!

बाबू ने सीटी बजाई। दो पुलिसकर्मी अपनी तोंदें, बाल्टी की तरह लटकाते हुए आए। लाठी को हवा में घुमाते हुए स्थानीय भाषा में अपशब्दों का ऐसा समन्वित गान किया कि लाइन तुरंत सीधी हो गई। दोनों यात्रियों के हाथ बड़ी मुश्किल से निकाले गए। इस खींचतान में एक की हस्त-धारित भारतीय मुद्रा फट गई और उसके मुंह से निकली गालियां व्यवस्था की संपूर्ण संस्थाओं को समर्पित थीं, रेलवे, सरकार, मंत्री से लेकर कुली तक कोई नहीं छूटा।

मैं फिर मोबाइल में चला गया। नया वर्ष आने में महीना है लेकिन कंपनियां जैसे चाहती हैं कि इस बार मैं चार नए कपड़ों, दो नई चॉकलेटों और पांच नए कूपनों से लैस रहूं। ऑफर ऐसे कि लगता है हर कंपनी ने मेरे लिए ही सुकुमारी ब्रांड की मॉडल को विज्ञापन में खड़ा किया है। एक बार जल्दबाजी में मैंने सुकुमारी के मोहपाश में बंधे सब्सक्रिप्शन डाल दिया था, तभी से वह मेरे जीवन की स्थाई सदस्य बन चुकी है।

मोबाइल भी क्या करे। कंपनियां चाहती हैं कि आप दिन-रात उसी से चिपके रहो। कभी धमाका सेल, कभी फ्लैश सेल, कभी लास्ट स्टॉक, हड़प लो!

नई पीढ़ी को ये सेल-ऑफर ऐसे जकड़ती है कि किसी उल्टे-सीधे काम में ऊर्जा लगे, उससे अच्छा है कि स्क्रीन पर अंगूठा फिसलाते रहो। गेम्स, जुआ, सट्टा, लॉटरी सब आपके दरवाजे पर नहीं, आपकी जेब में बैठा है।

इधर मेरा मोबाइल भी मेरा पूरा जीवन समझता है- कब रिचार्ज खत्म होगा? कब बीमा एक्सपायर होगा? कब कार की सर्विसिंग करानी है?

कब पुरानी कार बेचे चार साल हो गए? यह सब याद दिला रहा है।

सच कहूं तो मोबाइल ने आदमी को अकेला किया, या अकेलापन आदमी को मोबाइल तक ले गया, ये तफरीक अब मैं भी नहीं कर पाता।

मोबाइल पर आध्यात्मिक गुरुओं के संदेश, प्रेरक कथन और भविष्यवाणियां भी तड़ातड़ आ रहे हैं। सुबह-सुबह इतनी 'ज्ञान-वर्षा' कि दिमाग की हार्ड डिस्क फुल होकर ओवरहीट हो जाए। पर सही कहूं, रेलवे की लाइनें और मोबाइल दोनों ही हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की लाइफलाइन हैं। एक में लगकर देश चलता है और दूसरे में खोकर आदमी। इतने में मेरी लाइन भी दो-चार इंच आगे बढ़ गई।

शायद मेरे नंबर का भी समय आ रहा था और मोबाइल पर एक नया मैसेज भी। *

लघुकथा / सतीश उपाध्याय

# दरवाजा



'मम्मी, दादाजी की वजह से हमारी पढ़ाई डिस्टर्ब होती है, बार-बार हमारे कमरे में आ जाते हैं।' परेश ने अपनी मां से दादाजी की शिकायत की। सामने कुर्सी पर बैठे दादाजी अखबार पढ़ रहे थे, वह तुरंत बोले, 'नहीं बेटा, ऐसी बात नहीं है। तुमको मैंने तीन घंटे से नहीं देखा था, इसलिए ऐसे ही तुम्हें देखने तुम्हारे कमरे में चला आया था।' परेश की मम्मी बेटे का पक्ष लेते हुए बोलीं, 'बाबूजी, थोड़ा बुद्धि से काम लिया करिए। स्कूल से कितना होमवर्क मिलता है, असाइनमेंट पूरा करना होता है। अगर वह आपसे बात करेगा तो उसका होमवर्क कैसे पूरा हो पाएगा?' दादाजी आहिस्ता से बोले, 'बेटा बात सही है, अब मैं आगे से ध्यान रखूंगा।' अगला दिन छुट्टी का था। परेश सारा दिन अपने लैपटॉप और मोबाइल में ही बिजी था। दादाजी के भीतर अपने पोते के प्रति प्यार उमड़ा तो वह अपने आपको रोक नहीं पाए। परेश के कमरे में चले गए। परेश के बेड पर स्कूल की कॉपी-किताबें बिखरी हुई थीं। वह मोबाइल में बिजी था। उसने दादाजी की आहट सुनी, लेकिन वह दादाजी की उपेक्षा करते हुए अपने मोबाइल में ही लगा रहा। दादाजी ने पूछा, 'क्या कर रहे हो बेटा?' परेश रूखे स्वर में बोला, 'दादाजी देख नहीं रहे हैं, मैं अपना असाइनमेंट पूरा कर रहा हूं। आप डिस्टर्ब मत करिए।' 'ठीक है बेटा, कितना समय लगेगा, इसे पूरा करने में?' दादाजी ने बड़े प्यार से पूछा। 'दादाजी मैं अभी कैसे बता दूं, आप डिस्टर्ब मत कीजिए प्लीज।' परेश ने तेज स्वर में बोला। 'ठीक है बेटा, मैं नीचे तुम्हारा इंतजार कर रहा हूं।' यह कहकर दादाजी ने कमरे से बाहर निकलते समय पलटकर देखा, परेश अपने मोबाइल में लगा दिखा। दादाजी के कमरे से निकलते ही परेश ने अपने कमरे का दरवाजा तेज आवाज के साथ बंद कर दिया। दादाजी कुछ देर दरवाजे के पास भाव शून्य खड़े रहे। उनकी आंखों में एक नमी उतर आई थी। *




**पुस्तक:** छवि से अलग (संस्मरण), **लेखक:** विनोद दास, **मूल्य:** 295 रुपए, **प्रकाशक:** सेतु प्रकाशन, नोएडा

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# छवि से अलग

हाल में ही वरिष्ठ साहित्यकार विनोद दास के संस्मरणों की पुस्तक 'छवि से अलग' छपकर आई है। इसमें चौदह नामचीन साहित्यकारों के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़ा संस्मरण भी संकलित है। इन संस्मरणों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सम्मिलित हस्तियों की कई अनावृत्त रही छवियां उजागर होती हैं। ये छवियां उनके साहित्यिक ही नहीं व्यक्तिगत जीवन से भी जुड़ी हुई हैं। लेखक ने निरपेक्ष भाव से इनकी खूबियों और खामियों को सामने रखा है। इसके साथ ही साथ कई संस्मरणों में लेखक, समानांतर रूप से उस देश, काल और परिस्थितियों का भी वर्णन करते चलते हैं, जब इन अनुभूतियों को वे अर्जित कर रहे थे। निर्मल वर्मा, नामवर सिंह, श्रीलाल शुक्ला, कुंवर नारायण, केदारनाथ सिंह, अखिलेश, शानी और मुद्राराक्षस जैसे कई साहित्यकारों के बारे में यह किताब बहुत कुछ अनसुना बताती है। *